# 50 हजार से अधिक राशि व सामग्री लेकर परिवहन के दौरान उससे जुड़े दस्तावेज अवश्य साथ रखें

■ आदर्श आचार संहिता में एफएसटी एवं एसएसटी टीम द्वारा की जा रही निगरानी

**एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा जब्त राशि दस लाख रुपए से ज्यादा होने पर आयकर विभाग द्वारा की जाती है नियमानुसार कार्यवाही**



रायगढ़ 05 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन.2023 हेतु आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गठित उडऩ् दस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा नगद राशिए मतदाताओं को बांटने हेतु, प्रलोभन देने वाली सामग्रियों के परिवहन पर निगरानी रखी जा रही है। 50 हजार से अधिक नगद धनराशि किसी व्यक्ति के द्वारा वाहन में पाये जाने पर उससे संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। कोई कारण/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने और राजनीतिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की आशंका होने पर उससे फ्लाइंग स्क्वाड, एसएसटी, पुलिस अधिकारियों द्वारा जप्त किया जा सकता है। उपरोक्त कार्य में नियुक्त दलों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है कि वह आम जनता से शिष्ट व्यवहार करें। साथ ही आम जनताए व्यवसायी गण से अपील की जाती है कि आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अनावश्यक बड़ी धन नगद राशि या धनराशि परिवहन करने से बचे।

### 50 हजार से अधिक लेकर चलने पर साथ रखें ये दस्तावेज

यदि 50 हजार से अधिक राशि के साथ यात्रा कर रहे है तो उसके संबंध में सुसंगत दस्तावेज जैसे कि बैंक पास बुकए बैंक खाता विवरण, आहरण रसीद व रजिस्टर इत्यादि साथ रखने सलाह दी जाती है। इसी प्रकार वस्तुओं के परिवहन के दौरान जीएसटी इनवॉइस एवं ई-वे बिल व साथ रखे जाने की सलाह दी जाती है। जप्त नगद राशि व सामग्री इत्यादि को मुक्त करने के संबंध में अपील प्रस्तुति व निराकरण के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित भारत निर्वाचन आयोग की उपरोक्त गाईड लाईन अनुसार आदर्श आचरण संहिता लागू रहने के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा उडऩ्दस्ता दलों, स्थैतिक निगरानी दलों या पुलिस अधिकारियों द्वारा जप्त नगद राशि/सामग्री इत्यादि को नियमानुसार मुक्त करने के संबंध में अपील प्रस्तुति/निराकरण हेतु उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। उडऩ्दस्ता दलोंए स्थैतिक निगरानी दलों या पुलिस अधिकारियों द्वारा जप्त नगद राशि/सामग्री इत्यादि को नियमानुसार मुक्त करने के संबंध में व्यथित व्यक्ति कक्ष क्रमांक-21 कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ स्थित समिति के कार्यालय में सुसंगत दस्तावेजों सहित विधिवत आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### जब्त राशि दस लाख रुपए से ज्यादा होने पर आयकर विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही

एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा जब्त की गई राशि दस लाख रुपए से अधिक होने पर ऐसे मामले आयकर विभाग के सुपुर्द किए जाते हैं, जहां आयकर विभाग द्वारा कानून के अनुसार वापसी की कार्यवाही की जाती है। जिला स्तरीय समिति द्वारा दस लाख रुपए से कम की जब्ती के प्रत्येक मामले की जांच की जाती है। समिति द्वारा यह पाए जाने पर कि मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार जब्ती के संबंध में कोई प्राथमिकी या शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जब्ती किसी अभ्यर्थी, राजनीतिक दल, किसी निर्वाचन अभियान इत्यादि से जुड़ी हुई नहीं है तो समिति ऐसी नकदी को रिलीज करने के बारे में एक स्पीकिंग आदेश जारी कर इसकी वापसी के लिए रिलीज आदेश जारी करने के लिए तत्काल कदम उठाती है। समिति जब्ती के सभी मामलों का अवलोकन कर इनकी वापसी के संबंध में निर्णय लेती है।

## नये मतदाताओं का हुआ सम्मान




तखतपुर 05 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में शत प्रतिशत मतदान को लेकर विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में नए मतदाताओं का तिलक लगाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि जिन छात्रों का नाम का मतदाता सूची में जोड़ा गया और पहली बार मतदान करेंगे उन्हें मतदान के महत्व के बारे में बताया और मतदान करने की अपील किये। उन युवा मतदाताओं को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। जिसमें उन नए मतदाताओं को तिलक लगाया गया उपहार दिया गया। बिलासपुर जिले में सत्त प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।

तखतपुर विकासखंड के हाय एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में तरह तरह के आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस दौरान प्राचार्य नरेश दुबे सहित संतोष पांडे, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी बनर्जी, कामिनी गुप्ता, दिव्या मिश्रा, स्वीटी सिंह, पारुल यादव संहित अन्य उपस्थित थे

## प्रथम पेज का शेष

### बघेल को कांग्रेस की ...

जवाब से सीधा संदेश दे दिया है कि वे किसी भी दबाव में नहीं आने वाले। बल्कि वे जनता को साफ शब्दों में बता रहे हैं कि उसके लिए कांग्रेस सरकार ने अब तक क्या किया और अगर दोबारा कांग्रेस की सरकार आएगी, तो फिर अगले पांच सालों में कांग्रेस और क्या-क्या करेगी। देशबन्धु, डीबी लाइव ने भूपेश बघेल से सवाल किया कि पिछले पांच सालों में क्या खास बदलाव आया है। इस पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। महिलाओं, किसानों, नौजवानों की स्थिति में गुणात्मक सुधार आया है। कांग्रेस सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई जरूरी काम किए हैं। भूपेश बघेल ने खास तौर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का जिक्र किया, जिसमें महंगे अंग्रेजी स्कूलों में गए बिना ही गरीब घर के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा मिलने लगी है। भूपेश बघेल ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति और यहां के तीज-त्योहारों, परंपराओं को सहेजने का काम पिछले पांच सालों में किया है। यह पूछे जाने पर कि आप पर भाजपा ने मुद्दों को हड़पने का आरोप लगाया है, जैसे अब आप भी राम, सीता और कौशल्या माता की बात करने लगे हैं। इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि हम तो श्रद्धा और निस्वार्थ भाव से इनका नाम लेते है। मोदीजी तो मजबूरी में छत्तीसगढ़ महतारी और कौशल्या माता की जय कहते हैं। जबकि छत्तीसगढ़ में कौशल्या माता का मंदिर है, जो अपनी तरह का अकेला है, हमने उसका जीर्णोद्धार किया। हम कौशल्या और सीता माता के साथ गऊ माता की भी सेवा करते हैं। जबकि भाजपा के लिए ये भी राजनैतिक मुद्दा है। हमने गौठान के जरिए गौमाता की सेवा की। गौठान से उत्थान के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा कि हम तो पारंपरिक व्यवस्था को समझ कर उससे आज की अर्थव्यवस्था को संभाल रहे हैं। यांत्रिकीकरण के कारण गौपालन और दुग्ध व्यवसाय में लागत बढ़ रही थी और मुनाफा नहीं हो रहा था, तो हमने डेयरी वालों से गोबर और गौमूत्र खरीदना शुरु किया, फिर इनका इस्तेमाल खाद बनाने के लिए किया। इससे जमीन पर रासायनिक खाद का प्रयोग कम हुआ और उर्वरता बढ़ी। इस तरह हमने गौमाता और धरती माता दोनों की सेवा की। भूपेश बघेल जब ये सारी बातें कर रहे थे, तो इसमें उनका राजनैतिक पक्ष कहीं दब गया और वे खालिस किसान की तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था से विकास के रास्ते को समझा रहे थे। और ठीक इसी तरह वे अपनी सभाओं में भी लोगों से जुड़ जाते हैं और बातें करते हैं। एक के बाद एक चुनावी सभाएं करते हुए भूपेश बघेल जरा भी थके हुए या परेशान नहीं दिखते। थकान होती तो होगी, लेकिन भूपेश बघेल का मानना है कि लोग वहां आपकी परेशानी सुनने नहीं आए हैं कि आपने कितने घंटे काम किया, आपको बुखार या सिरदर्द है। लोग एक अच्छी जिंदगी की आस लगाए हुए हैं और भूपेश बघेल अपने नपे-तुले भाषणों में लोगों को यही बताते हैं कि हमने पांच सालों में आपके लिए क्या किया और फिर से मौका मिला तो अब क्या करेंगे। जैसे पखांजूर की सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों को आश्वासन दिया कि पिछली बार की तरह इस बार भी कर्ज माफ होगा। 200 यूनिट तक बिजली फ्री होगी। सभी सरकारी स्कूल और कॉलेज में केजी से पीजी तक फ्री एजुकेशन होगा। शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाओं का खास ख्याल रखा जाएगा। मुख्यमंत्री जिस समय कांग्रेस की ओर घोषणाएं कर रहे थे, उसी वक्त खबर आई कि भाजपा ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने भी अपने घोषणापत्र में धान खरीदी को लेकर खास घोषणाएं कीं, जिस पर भूपेश बघेल ने भाजपा को आड़े हाथों लिया। पखांजूर की सभा में कांग्रेस की घोषणाओं और भाजपा के घोषणापत्र के अलावा खास ध्यान खींचा अंतागढ़ के प्रत्याशी रूप सिंह पोटाई ने। मुख्यमंत्री ने श्री पोटाई को किसान का बेटा बताकर उनका परिचय जनता से करवाया। 35 बरस के रूप सिंह पोटाई दो बार सरपंच रह चुके हैं। हिंदी, हल्बी, छत्तीसगढ़ी और बांग्ला सभी भाषाओं पर उनकी एक जैसी पकड़ है और इस आदिवासी इलाके के बाशिंदों से उनकी भाषा में उन्हीं की तरह वो संवाद कर सकते हैं। अभनपुर से अंतागढ़ तक कांग्रेस के लिए धुआंधार प्रचार करते हुए फिर भूपेश बघेल रायपुर होते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र पाटन के लिए रवाना हो गए। चलते-चलते देशबन्धु डीबीलाइव ने उनसे सवाल किया आप लगातार यहां से वहां रैलियां कर रहे हैं। भाजपा भी अपना पूरा जोर लगा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत के लिए खास कोशिशें कर रहे हैं। ऐसे में आप कांग्रेस के लिए जीत की कितनी संभावनाएं देखते हैं। इस पर भूपेश बघेल ने जवाब दिया- शत-प्रतिशत। भूपेश बघेल का सौ प्रतिशत जीत वाला आत्मविश्वास मतदाताओं की कसौटी पर कितना खरा उतरता है ये तो 3 दिसम्बर को नतीजों से पता चल ही जाएगा। फिलहाल ये कहा जा सकता है कि भूपेश बघेल जीत का यह दावा जनता की नब्ज टटोल कर ही कर रहे हैं। और पिछले पांच सालों में ही नहीं, अपने सुदीर्घ राजनैतिक जीवन के अनुभवों से उन्होंने सीख लिया है कि जनता की नब्ज बिल्कुल सही तरीके से कैसे पकड़ी और समझी जाती है।

### 3200 रु. क्विंटल में धान खरीदी...

200 यूनिट बिजली फ्री-फिर से कांग्रेस की सरकार बनते ही 200 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी। पहले 200 यूनिट तक की बिजली का बिल नहीं आएगा। 200 यूनिट से अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं को भी 200 यूनिट प्रति माह तक नि:शुल्क बिजली मिलेगी।

**गैस सिलेंडर पर 500 रुपए मिलेगी सब्सिडी**

फिर से कांग्रेस की सरकार बनते हो सभी आय वर्ग की माताओं एवं बहनों के लिए च्महतारी न्याय योजना लागू कर प्रति सिलेंडर के रिफिल करने पर 500 रुपए की सब्सिडी घर की महिला के बैंक खाते में सरकार द्वारा सीधे जमा की जाएगी। केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त-कांग्रेस सरकार बनते ही राज्य के उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत डिप्लोमा/स्नातक/स्नातकोत्तर के सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को शिक्षा एवं प्रवेश शुल्क नहीं देना होगा। स्कूली शिक्षा पूर्ववत नि:शुल्क रहेगी।

**तेंदूपत्ते का प्रति बोरा 6000 रु**

राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 4000 रुपये की जगह अब 6000 रुपये मिलेंगे और 4000 सालाना बोनस दिया जाएगा।

**17.5 लाख परिवार कोआवास**

प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र 7.5 लाख परिवारों को केंद्र सरकार ने आवास नहीं दिया है। हम उन सभी 7.5 लाख परिवारों और 10 लाख अन्य जरूरतमंद परिवारों को मुख्यमंत्री आवास न्याय योजनाज्ञ के तहत आवास देंगे। इसके लिए हमने आर्थिक सर्वेक्षण करवा लिया है।

**भूमिहीनों को 10 हजार प्रतिवर्ष**

राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत आने वाले सभी हितग्राहियों को मिलने वाली राशि 7000 रुपए प्रतिवर्ष को बढ़ाकर दस रुपए प्रतिवर्ष दिया जाएगा ।

**लघु वनोपजों पर अतिरिक्त 10 रु प्रति किलो**

कांग्रेस सरकार ने 7 से बढ़ाकर 63 लघु वनोपजों को समर्थन मूल्य पर खरीदना शुरू किया है। अब हमारा वादा है कि समर्थन के अतिरिक 10 रुपए प्रति किलो दिए जाएंगे।

**10 लाख तक मुफ्त इलाज**

डा खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अब गरीब वर्ग को इलाज के लिए 5 लाख रुपए की बजाय 10 लाख रुपए तक मिलेंगे। साथ ही गरीबी रेखा से ऊपर के लोगों को 50 हजार की बजाय अब 5 लाख रुपए तक की सहायता मिल सकेगी।

**दुर्घटनाओं का इलाज मुफ्त**

छत्तीसगढ़ के निवासियों की सड़क दुर्घटनाओं में तथा अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं में च्मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजनाज्ञ के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

**समर्थन मूल्य पर तिवरा खरीदी**

कांग्रेस की सरकार ने गन्ने से लेकर कोदो, कुटकी व रागी के समर्थन मूल्य घोषित किए थे। इस बार सरकार बनते ही राज्य के किसानों से तिवरा को भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।

अब सभी सरकारी स्कूल

**बनेंगे स्वामी आत्मानंद स्कूल**

राज्य के 6,000 शासकीय हायर सेकेंड्री एवं हाई स्कूलों को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम स्कूलों में क्रमश- अपग्रेड करेंगे।

**स्व-सहायता समूह का भी होगा कर्जा माफ**

फिर से कांग्रेस की सरकार बनते ही महिला स्व-सहायता समूहों तथा महिलाओं द्वारा सक्षम योजनांतर्गत लिए गए ऋण माफ किए जाएंगे।

**जातिगत जनगणना**

जिसकी जितनी आबादी, उसका उतना हक को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस प्रदेश में जातिगत जनगणना करवाएंगे ताकि सामाजिक न्याय सुनिधित हो सके।

**परिवहन व्यावसायियों के होंगे कर व कर्ज माफ**

राज्य के परिवहन व्यवसाय से जुड़े 66,000 से अधिक वाहन मालिकों के वर्ष 2018 तक के 126 करोड़ राशि के बकाया मोटरयान कर सहित शास्ति और ब्याज के कर्ज की माफी की जाएगी।

**700 नए औद्योगिक पार्कों का निर्माण**

फिर से कांग्रेस की सरकार बनते ही आगामी वर्षों में 700 नवीन ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना करेंगे। इससे ग्रामीण औद्योगिक केंद्र की संख्या 300 से बढ़ाकर 1000 हो जाएगी।

**युवाओं को उद्योग व्यवसाय ऋण में 50 फीसदी सब्सिडी**

युवाओं को उद्योग व्यवसाय के लिए ऋण पर अब तक 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती थी। अब इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ऋण की सुविधा मिलेगी।

**अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध**

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार दोबारा बनते ही शहरी निकाय क्षेत्रों में अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध सरकार की ओर से किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ...

बलीराम के काम को दिनेश कश्यप आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा जो बोलती है, वह करती है। देश में 4 करोड़ अवास बनाना था, इसमें छत्तीसगढ़ में भी 16 लाख आवास शामिल था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने बनने नहीं दिया और इस राशि का बंदरबाट किया। भाजपा की सरकार आने पर सबसे पहले 18 लाख आवास बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने केन्द्र की योजनाओं को लागू होने नहीं दिया। जन जीवन मिशन का काम भी नहीं हो पाया, जबकि यूपी में 150 लाख परिवार के घरों में पानी पहुंच रहा है। कांग्रेस के इशारे पर रतन दुबे की हत्या सीएम आदित्यनाथ ने आमसभा को सम्बोधित करने से पहले नारायणपुर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष स्व रतन दुबे को श्रद्धाजंलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि रतन दुबे जैसे कर्मठ कार्यकर्ताओं के कारण ही आज भाजपा विश्व में सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इशारे पर ही नक्सलियों ने भाजपा नेता स्व रतन दुबे की हत्या की, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

**बुलडोजर रौदेंगा माफियाओं की छाती**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी डबल इंजन की सरकार आ रही है और घोटालों की जांच करवाएगी। इसके बाद यूपी की तरह ही छत्तीसगढ़ में बुलडोजर माफियाओं की छाती को रौदेंगा और माफियाओं का हाल यूपी की तरह ही होगा। उन्होंने कहा कि लव जिहाद के नाम पर भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की गयी, जो कि स्वीकार्य नहीं है। इस दौरान पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, डॉ सुभाऊ कश्यप, रूपसिंह मंडावी, श्रीनिवास राव मद्दी, विद्याशरण तिवारी, वेदवती कश्यप, प्रत्याशी मनीराम कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में पहले चरण की ...

स्टार प्रचारकों ने भी लगाया पुरा जोर-पहले चरण के चुनाव में भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा,केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी,पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह तथा कांग्रेस की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी,पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत ने चुनावी सभाएं की।आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रोड शो एवं सभाएं की।

### सत्ता में रहते हुए सट्टा का कारोबार...

किया। इसी बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और भूपेश बघेल के खिलाफ सवाल उठाए हैं साथ ही कहा कि सत्ता में रहते हुए सट्टा कारोबार में रहना छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हकीकत है । भाजपा के घोषणापत्र में किए गए वायदों का बखान कर किसान, महिला, युवा, मज़दूर सहित प्रदेश के सभी वर्गों की बहतरी के लिए किए जाने वाले प्रयासों को मंच से विस्तार से साझा किया । इस दौरान भरी सभा से कांग्रेस विधायक की अकर्मण्यता और वादख़िलाफ़ी पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी ने कहा कि उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन में मोहन मरकाम जैसा फ़रेबी और झूठा विधायक आज तक नहीं देखा । बस्तर में कांग्रेस पार्टी को मिले भारी बहुमत से निकले विधायकों और सांसद की लंबी फ़हरिस्त के बावजूद आज बस्तर के लोग ख़ुद को ठगा सा महसूस करते है । घोषणापत्र में की गई वादख़िलाफ़ी से जहां प्रदेश में निराशा और अराजकता का माहौल बना तो वही स्थानीय विधायक मोहन मरकाम की अकर्मण्यता और बढ़ते भ्रष्टाचार से कोंडागाँव का विकास भी अवरुद्ध हुआ । कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, ओम प्रकाश टावरी, दयाराम पटेल, गोपाल दीक्षित, जसकेतु उसेंडी, बालसिंह बघेल, विक्की रवानी, रौनक दीवान, प्रतोष त्रिपाठी, बंटी नाग, जैनेंद्र ठाकुर, अश्विनी पांडेय, जितेंद्र सुराना, अंकुश जैन, मीनू कोर्राम, मंगतू नेताम, बालकुवर प्रधान, कृष्णा पोयाम, प्रेम सिंह नाग, अनीता नेताम, रेखा साहू, ईना श्रीवास्तव, लक्ष्मी ध्रुव, बसंती ठाकुर, विकास दुआ, शुभम् संचेती, अंकुश जैन, बिट्टू पाणिग्रही, अविरल अरोरा, गामा जयसवाल, नागेश देवांगन सहित समूचे मोर्चा प्रकोष्ठ से बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**ICICI Home Finance**
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001
शाखा कार्यालय : क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001

**खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | कैलाश चन्द्र दुबे (कर्जदार), गायत्री दुबे (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचबीएसआर00001448415 एवं एलएचबीएसआर00001448416 | मौजा बोदी पीएच नंबर 1 केएच नंबर 528/2 पार्ट, वार्ड नंबर 2, रविशंकर शुक्ला वार्ड, नगर पंचायत बोदी, तहसील और जिला बिलासपुर सीजी, बिलासपुर 528/2, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ – 495001 | रू. 29,30,440/- 30-10-2023 | रू. 26,73,000/- / रू. 2,67,300/- | 06-11-2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 24-11-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |
| 2. | सुरजीत सिंह संधू (कर्जदार), कुलदीप कौर संधू (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचआरपीआर00001299525 | ग्राम कुंडा वार्ड नंबर 19, आदर्श नगर, कुगदा, तहसील पाटन दुर्ग पाटन खसरा नंबर 50/10, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001 | रू. 29,24,869/- 30-10-2023 | रू. 21,26,493/- / रू. 2,12,650/- | 06-11-2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 24-11-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 23-11-2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 23-11-2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 23-11-2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में बिलासपुर, दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड से 022-69974300 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 06-11-2023
स्थान : बिलासपुर, दुर्ग
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

फार्मेट सी-1
(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

**(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सिंतबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)**

**अभ्यर्थी का नाम और पता:** शैलेश पाण्डेय पता कार्यालय मकान नं. ई-2/4, वेयर हाउस, बिलासपुर (छ.ग.) पिन कोड 495001, स्थायी पता -मकान नं.-ई एक्स -08, आसमां इनक्लेव,जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास, ग्राम सकरी, तहसील - सकरी, जिला - बिलासपुर (छ.ग.), पिन कोड 495001.

**राजनैतिक दल का नाम:** इंडियन नेशनल कांग्रेस

**(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)**

**निर्वाचन का नाम:** छत्तीसगढ़ विधान सभा निर्वाचन-2023

**'निर्वाचन क्षेत्र का नाम:** बिलासपुर निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-30

**मैं शैलेश पाण्डेय (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँ :**

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामलों (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा(धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायालय में लंबित नहीं | थाना कोटा बिलासपुर छ.ग. में अप.क्र.247/2018 दिनांक-14.06.2018 | अन्वेषण जारी | पदीय कर्तव्य के निर्वहन में भ्रष्टाचार का आरोप अंतर्गत धारा धारा 13 (1) इ (डी),13(2).भ्र.नि.अधिनियम 1988. |
| 2 | कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर | थाना तोरवा बिलासपुर छ.ग. में इस्तगासा क्रमांक 200/2018. | कार्यवाही समाप्त । | टी एस बाबा एवं 164 अन्य के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही। धारा 151, 107, 116 दण्ड प्रक्रिया संहिता. |
| 3 | न्यायालय की जानकारी प्राप्त नहीं है। | थाना सिविल लाईन बिलासपुर में अप.क्र.229/2020. | थाने द्वारा खात्मा प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत है। | कोविड काल में अपने आवास में भीड़ को राशन वितरण करना धारा 269 एवं 188 भारतीय दण्ड संहिता |
| 4 | उपरोक्तानुसार | थाना सिविल लाईन बिलासपुर में अप.क्र-806/2020 | थाने द्वारा खात्मा प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत है। | कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालना। धारा 147, 148, 186, 353, 294.भारतीय दण्ड संहिता. |
| 5 | | थाना रेल्वे सुरक्षा बल बिलासपुर छ.ग. में अप.क्र.2904/2023 | अन्वेषण जारी है। | रेल रोको आंदोलन 174 (ए), 147 रेल अधिनियम. |

**ख आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि मामलों के सबंध में विवरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|---|
| | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

*राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा, विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 6 नवम्बर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –188 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



वसुंधरा ने आलाकमान के संकेतों को किया नजरअंदाज पृष्ठ 3
■ पांच किलो मुफ्त अनाज में डूबा देश
■ भाजपा के नेतृत्व वाली 'आचार समिति' द्वारा महुआ मोइत्रा का... पृष्ठ 4
■ इजरायल के हमले में हर 10 मिनट में एक बच्चे की मौत
■ संघर्ष के बीच रूस का शरण देने को तैयार पृष्ठ 9
विराट ने की सचिन के वन डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 49 शतक की बराबरी पृष्ठ 10




## चुनाव में सीएम भूपेश के साथ दिनभर

# बघेल को कांग्रेस की जीत का सौ फीसदी भरोसा

### डीबी लाइव के प्रधान संपादक राजीव रंजन श्रीवास्तव की खास बातचीत

**रायपुर**, 5 नवंबर (देशबन्धु)। मतदाताओं से सीधे मुद्दे की बात, पिछले वादों को पूरा करने के आत्मविश्वास के साथ इस बार के लिए कुछ और नए वादे, जनता की बेहतरी के काम करने का आश्वासन और इसके साथ कांग्रेस की शत-प्रतिशत जीत पर भरोसा दिखाना, भूपेश बघेल के साथ एक दिन में तीन-तीन चुनावी सभाओं के कवरेज का निचोड़ यही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस राज्य की जनता अपने सगे-संबंधी जैसा प्यार और सम्मान देती है। किसी के लिए भूपेश बघेल कका हैं, किसी के लिए दाऊ, किसी के लिए भैया। और भूपेश बघेल भी जनता के बीच अपने उसी पुराने अंदाज में अब भी पहुंचते हैं और घुलते-मिलते हैं, जैसा वे राजनीति के शुरुआती दिनों में किया करते थे। पहले अविभाजित मध्यप्रदेश और फिर 23 साल पहले बने राज्य छत्तीसगढ़ में बीते तीन दशकों में बहुत कुछ बदल गया। सत्ता बदल गई, अधिकारी बदल गए, लोगों के मिज़ाज बदल गए, लेकिन भूपेश बघेल की सहजता, जमीन से जुड़ाव, जुझारूपन और ठेठ छत्तीसगढ़िया अंदाज बिल्कुल



वैसा ही रहा। 3 नवंबर को भूपेश बघेल के साथ अभनपुर से लेकर अंतागढ़ तक उनकी सभाओं और दौरे के बीच उनसे लंबी बातचीत हुई, पेश है उसकी रिपोर्ताज।

अभनपुर की सभा में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ अभनपुर, राजिम, आरंग, कुरूद के कांग्रेस प्रत्याशी धनेन्द्र साहू, अमितेश शुक्ल, शिवकुमार डहरिया और तारिणी चंद्राकर भी मौजूद रहे। यहां राजिम माता, राजीव लोचन भगवान, कुलेश्वर महादेव के जयकारे से भाषण की शुरुआत करते हुए भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि च्वकल पीएम मोदी कांकेर आए थे। उन्होंने कहा कि विकास नहीं हो रहा है। कांग्रेस और विकास का '36 का आंकड़ा' है। श्री मोदी पर तंज कसते हुए श्री बघेल ने कहा हम अडानी को खदानें और नगरनार स्टील प्लांट नहीं देते, इसलिए वह कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में विकास नहीं हो रहा है। अगर हम खदानें और नगरनार स्टील प्लांट अडानी को देंगे तो ही विकास होगा।

भूपेश बघेल अपनी लगभग सभी चुनावी सभाओं में इसी तरह चुटीले अंदाज में भाजपा को और खासकर प्रधानमंत्री मोदी को घेरते हैं। छत्तीसगढ़ के चुनावों में भाजपा के स्थानीय नेतृत्व की जगह अब कांग्रेस की सीधी टक्कर मोदी सरकार से होती दिख रही है। देशबन्धु डीबी लाइव ने जब उनसे जांच एजेंसियों की कार्रवाइयों पर सवाल किया तो उनका सीधा जवाब था कि ये लोग पिछले तीन सालों से लगातार यही कर रहे हैं। राज्य सरकार को काम नहीं करने देना चाहते और ईडी और आईटी के जरिए अडंगा डालते हैं। भूपेश बघेल ने इस ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

# 3200 रु. क्विंटल में धान खरीदी, गैस सिलेंडर में 500 सब्सिडी, 200 यूनिट फ्री बिजली

### भाजपा के 31सौ पर कांग्रेस का जवाब



**रायपुर**, 5 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। सबसे बड़ी घोषणा कांग्रेस ने 3200 रुपए में धान खरीदी की कर सबको चौंका दिया है। रायपुर के राजीव भवन में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव में इसे जारी किया। इनके अलावा संभागवार अलग-अलग नेताओं ने इसे जारी किया।

कुमारी सैलजा ने कहा कि, ये भरोसे की सरकार है, इसलिए क्योंकि हम वादा पूरा करते हैं। वही राजनांदगांव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा जो घोषणा पिछली बार की गई थी वह सरकार बनने के बाद भी जारी रहेगी। शराब बंदी को लेकर कहा पिछली बार जो कहा उस पर कायम है।यह सामाजिक बुराई है।इसे अभी लागू करने का समय नही आया है। अनियमित कर्मचारी को लेकर कहा सरकार बनने पर इसका निराकरण करेंगे।

**इस बार भी किसानों का कर्ज माफ**–कुमारी सैलजा ने कहा 2018 में कांग्रेस सरकार बनते ही 18.5 लाख किसानों का 9272 करोड़ रुपए कर्जा हमने माफ किया था। इस बार भी कांग्रेस सरकार बनते ही उसी प्रकार कर्जा माफ होगा।राजीव गांधी किसान न्याय योजना में मिलने वाली इनपुट सब्सिडी सहित किसानों को धान की कीमत प्रति क्विंटल 3200 रुपये मिलेगी।

**20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी**–पहले राज्य सरकार 15 क्विंटल प्रति एकड़ की धान खरीदी करती थी और इस वर्ष से 20 च्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी शुरू हो गई ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### महिला सैनिकों को भी मिलेगा मातृत्व अवकाश

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना में कार्यरत महिला सैनिकों, सेलर्स और एयर वॉरियर्स को भी अब मातृत्व अवकाश और चाइल्ड केयर लीव मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इनमें महिला अग्निवीर भी शामिल हैं। अभी तक सेना में केवल महिला अधिकारियों को ही मातृत्व, बच्चे की देखभाल और दत्तक ग्रहण के लिए छुट्टियां दी जाती थीं।

### आज से जारी होंगे चुनावी बांड, एसबीआई अधिकृत

**नई दिल्ली।** केंद्र ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 6 से 2 नवंबर के बीच अपनी 29 अधिकृत शाखाओं के माध्यम से चुनावी बांड जारी करने और भुनाने के लिए अधिकृत किया है। चुनावी बांड जारी होने की तारीख से 15 कैलेंडर दिनों के लिए वैध होंगे और यदि वैधता अवधि समाप्त होने के बाद बांड जमा किया जाता है तो किसी भी भुगतानकर्ता राजनीतिक दल को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। किसी पात्र राजनीतिक दल द्वारा उसके खाते में जमा किया गया चुनावी बांड उसी दिन जमा किया जाएगा।

### माकपा ने तेलंगाना में 14 सीटों पर उम्मीदवार उतारे

**हैदराबाद।** सीपीआई (एम) ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी के राज्य सचिव टी. वीरभद्रम ने रविवार को 14 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। वीरभद्रम खुद पलेयर से चुनाव लड़ेंगे।

### कांग्रेस ने नया चोला पहनकर झूठी गारंटियां दी : अनुराग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करने आए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस झूठी है, मध्यप्रदेश में अब चुनाव है तो कांग्रेस नया चोला पहनकर नई गारंटियां दे रही है। ठाकुर ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी झूठी है उसकी गारंटियां भी झूठी हैं। कांग्रेस फेल उसकी गारंटियां भी फेल।

# छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार गरीबों के हक पर डाका डाल रही है : योगी आदित्यनाथ

### कांग्रेस सरकार कोयला घोटाला, खनन घोटला और नौकरी में घोटाला कर रही है



**जगदलपुर**, 5 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के अंतिम दिन जिले के बस्तर ब्लॉक मुख्यालय में भाजपा द्वारा आयोजित आमसभा को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार गरीबों के हक पर डाका डाल रही है। कांग्रेस सरकार कोयला घोटाला, खनन घोटला और नौकरी में घोटाला कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में जब लालू प्रसाद यादव मुख्यमंत्री थे, तब चारा घोटाला हुआ था। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस गोबर ही पचा दिया और 1300 करोड़ का घोटाला कर दिया। उन्होंने बस्तर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीराम को जिताने के साथ ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की।

उन्होंने पूर्व सांसद स्व बलीराम कश्यप को याद करते हुए कहा कि स्व बलीराम के साथ लोकसभा में उन्हें काम करने का मौका मिला था। लोकसभा में उन्होंने बस्तर विकास के मामले उठाते थे, भले ही तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में मांग पूरी नहीं होती रही है। अब स्व ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# छत्तीसगढ़ में पहले चरण की 20 सीटों पर प्रचार समाप्त

### मिजोरम में भी विधानसभा चुनाव प्रचार थमा, छत्तीसगढ़ में दो व मिजोरम में 1 चरण में चुनाव

**नई दिल्ली**, 5 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पहले चरण का विधानसभा चुनाव प्रचार व मिजोरम में एक चरण के विधानसभा चुनाव प्रचार रविवार शाम को समाप्त हो गया। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से 20 के लिए व मिजोरम में सभी 40 विधानसभा क्षेत्रों और मंगलवार को मतदान होगा। मतगणना तीन दिसम्बर को होगी।

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों द्वारा मोहला मानपुर एवं नारायणपुर में हुई अलग अलग घटनाओं में भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की हत्या की घटना को छोड़कर प्रचार आमतौर पर शान्तिपूर्ण रहा। राज्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान समय वाले विधानसभा क्षेत्रों में दोपहर तीन बजे तक और सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान समय वाले विधानसभा क्षेत्रों शाम पांच बजे प्रचार समाप्त हो गया। प्रचार के आखिरी दिन अधिकांश क्षेत्रों में प्रत्याशियों ने रैलियां निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में से दस विधानसभा क्षेत्रों मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक तथा 10 विधानसभा क्षेत्रों पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

**प्रत्याशियों ने रैलियां निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया**

**20 विधानसभा क्षेत्रों में 223 उम्मीदवार**

प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार हैं जिनमें 198 पुरूष तथा 25 महिला हैं। प्रथम चरण के लिए 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष मतदाता, 20 लाख 84 हजार 675 महिला मतदाता तथा 69 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। प्रथम चरण में निर्वाचन हेतु कुल 5304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। राज्य में प्रथम चरण में मतदान वाले अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13, भानुप्रतापपुर में 14, कांकेर में 9, केशकाल में 10, कोंडागांव में 8, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 11, चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 8, कोंटा में 8, खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 10, राजनांदगांव में 29, डोंगरगांव में 12, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 9, कवर्धा में 16 तथा पंडरिया में 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# सत्ता में रहते हुए सट्टा का कारोबार कांग्रेस की हकीकत : स्मृति ईरानी

### विजय संकल्प महारैली में शामिल हुई भाजपा की स्टार प्रचारक, आम सभा को किया संबोधित

**कोण्डागांव**, 5 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा की केंद्रीय मंत्री व स्टार प्रचारक स्मृति ईरानी ने कोंडागाँव के एनसीसी मैदान पहुँच विजय संकल्प रैली को संबोधित किया जहां अपने तीखे प्रहारों से प्रदेश के मुख्यमंत्री और कांग्रेस की सरकार पर जमकर कटाक्ष किया। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी के समर्थन में प्रचार के साथ ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने की अपील भी की। उक्त आमसभा से पूर्व कार्यकर्ताओं के हुजूम और बाजे गाजे के साथ नगर के रायपुर नाका चौक से एनसीसी मैदान तलक प्रचार वाहन में सवार होकर



आमजनता का अभिवादन करते रैली की शक्ल में सभा स्थल पहुची। अपने चिर परिचित अन्दाज़ में सभा को संबोधित करते हुए एक ओर जहां प्रदेश सरकार पर तीखे प्रहारों की झड़ी लगाई तो वही दूसरी ओर केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं का बखान करते छत्तीसगढ़ के कायाकल्प के लिए भाजपा के आगामी रोडमैप और विज़न को भी पेश ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# कोहली ने सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी की

### विराट ने वनडे में जड़ा 49वां शतक



**कोलकाता**, 5 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत की रन मशीन विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वनडे कॅरियर का 49वां शतक लगाया। उन्होंने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में अफ्रीकी टीम के खिलाफ यादगार पारी खेली। कोहली ने रविवार को वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। खास बात यह है कि उन्होंने अपने 35वें जन्मदिन पर यह उपलब्धि हासिल की। तेंदुलकर और कोहली के बाद सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वालों में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित ने 259 मैच की 251 पारियों में 31 सैकड़े लगाए हैं।

# राजस्थान में भाजपा ने 15 प्रत्याशियों की पांचवीं सूची जारी की

**नई दिल्ली**, 5 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के लिए रविवार को 15 प्रत्याशियों की पांचवी सूची जारी की। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने इस सूची में जिन उम्मीदवारों के नामों पर स्वीकृति प्रदान की है उनमें जयपुर की सिविल लाइंस सीट पर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा अरुण चतुर्वेदी की जगह पत्रकार गोपाल शर्मा को टिकट दिया गया हैं जो कांगेस प्रत्याशी एवं खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास का मुकाबला करेंगे। इसमें सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, शाहपुरा से राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव को चुनाव मैदान में उतारा हैं।

# आचार समिति के चेयरमैन बेशर्म व बेहूदा : महुआ

**नई दिल्ली**, 5 नवम्बर (एजेंसियां)। संसद में सवाल के लिए पैसे मामले में फंसीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा एक बार फिर आचार समिति पर निशाना साधा।



■ **समिति की तरफ से पूछे गए सवाल घटिया व अप्रासंगिक थे**

उन्होंने रविवार एक्स पर लिखा कि कमेटी की तरफ से पूछे गए सवाल घटिया और अप्रासंगिक थे। इसके मेरे पास रिकॉर्ड हैं। आचार समिति के चेयरमैन बेहूदा और बेशर्म हैं। महुआ ने आगे कहा कि यह जानकर मेरी रूह कांप रही है कि भाजपा मेरे खिलाफ क्रिमिनल केस बनाने की प्लानिंग कर रही है। मेरे पास कितने जोड़ी जूते जानने के बजाय सीबीआई और ईडी अडाणी पर 13000 करोड़ रुपए के कोयला घोटाले में एफआईआर करे।

## नीति निर्धारण — विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए आ रहे है नियम

# मेधावी छात्रों के लिए फीस होगी कम, योग्यता के आधार पर स्कॉलरशिप का होगा प्रावधान

**नई दिल्ली, 5 नवम्बर (एजेंसियां)। यूजीसी 'फॉरेन यूनिवर्सिटीज' के भारतीय कैंपस और यहां उनके परिचालन से जुड़े 'रेग्यूलेशन 223' लाने जा रही है। इससे ऐसे मेधावी छात्र को लाभ होगा जो आर्थिक तंगी के कारण प्रसिद्ध विदेशी विश्वविद्यालय का रुख नहीं कर सकते।**

*भारत में अपना स्थानीय कैंपस स्थापित करने वाले कई विदेशी विश्वविद्यालय यहां ट्यूशन फीस में बड़ी छूट भी देंगे। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया का मेलबर्न विश्वविद्यालय, क्वींसलैंड विश्वविद्यालय, अमेरिका का टेक्सस विश्वविद्यालय, सेंट पीटर्सबर्ग विश्वविद्यालय और इस्टिट्यूटो मारांगोनी ने भारत में अपना कैंपस खोलने में रुचि दिखाई है। विदेशी विश्वविद्यालयों के भारतीय कैंपस में गरीब मेधावी छात्रों को उनकी मेरिट के आधार पर स्कॉलरशिप देने का प्रावधान किया जा रहा है।*

*गौरतलब है कि लंबे इंतजार के बाद अब यूजीसी ने भारत में विदेशी कैंपस स्थापित करने का रास्ता खोल दिया है। यह निर्णय यूजीसी काउंसिल की बैठक में लिया गया। अब अपने अगले कदम में यूजीसी फॉरेन यूनिवर्सिटीज के भारतीय कैंपस और यहां उनके परिचालन से जुड़े 'रेग्यूलेशन 2023' लाने जा रही है।*

***कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने रूचि दिखाई***

*यूजीसी के मुताबिक यह रेगुलेशन अगले कुछ दिनों में जारी किए जा सकते हैं। यूजीसी के मुताबिक अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व इंग्लैंड समेत विभिन्न राष्ट्रों के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने भारत में कैंपस स्थापित करने को लेकर अपनी रुचि दिखाई है। इसके लिए इन विश्वविद्यालयों ने कई सुझाव भी दिए हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों ने अपने सुझावों में क्लस्टर कॉलेज बनाने का सुझाव भी दिया है। यूजीसी का कहना है कि उन्हें अब तक 200 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों से सुझाव प्राप्त हुए हैं। यूजीसी के दिशानिर्देशों के आधार पर ही कोई भी विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपना कैंपस स्थापित कर सकेगा। भारत में कैंपस स्थापित करने की योजना बना रहे विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए मसौदा दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देते समय विदेशी विश्वविद्यालयों से प्राप्त सुझावों पर भी विचार किया गया है।*

देशबन्धु
# संस्कारधानी
5 बिलासपुर
सोमवार 6 नवंबर 2023

उल्टा पुल्टा

अंकल - बेटा तुम क्या काम करते हो?
लड़का- नारी सम्मान सेवा पर काम कर रहा हूं।
अंकल- सोशल वर्कर हो?
लड़का- नहीं अंकल फेसबुक पर सब लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

### विधानसभा निर्वाचन-2023

# मतदान के लिए ईव्हीएम मशीनें तैयार आज से स्ट्रांग रुम में होगी कमीशनिंग





**बिलासपुर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले के 06 विधानसभाओं के लिए नियुक्त सेक्टर ऑफिसरों को ईव्हीएम कमीशनिंग का प्रशिक्षण दो पालियों में आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में दिया गया। पहली पाली में मस्तूरी, तखतपुर एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी एवं कमीशनिंग दल के सदस्य शामिल हुए वहीं दूसरी पाली में बिल्हा, बिलासपुर एवं बेलतरा विधानसभा के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण हुआ। कमीशनिंग का अर्थ होता है ईवहीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करना। नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एम टी आलम ने ईव्हीएम कमीशनिंग की बारीकियों से प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया और उनकी शंकाओं का समाधान भी किया।

नगर निगम कमिश्नर ने कहा कि कमीशनिंग के कार्य में विभिन्न प्रकार की सावधानियां बरतने के साथ ही तकनीकी जानकारी होनी जरूरी है। प्रशिक्षण में सभी सेक्टर अधिकारियों को कमीशनिंग प्रक्रिया में कंट्रोल यूनिट, कैंडिडेट सेटिंग, बैटरी चेक, बैलेट यूनिट, मतपत्र सेटिंग, व्हीव्हीपेट बैटरी चेकिंग आदि के बारे में बताया गया। यह भी बताया गया कि ईव्हीएम मॉक पोल टेस्ट राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगा, जिसमें पांच प्रतिशत मशीनों का एक हजार वोट टेस्ट के साथ मॉकपोल होगा। सबसे पहले बीयू की कमीशनिंग होगी। बैलेट यूनिट, कंटोल यूनिट और व्हीव्हीपेट के संचालन के साथ ही एक दूसरे से कनेक्ट करना, ईव्हीएम सील करना, मोंकपोल, सीआरसी , सामान्य इरर एवं उसके कारणों सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हैंडस ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से अभ्यास भी किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवकुमार बनर्जी, सभी विधानसभा क्षेत्रों के आरओ, एआरओ, सेक्टर आफिसर, मास्टर ट्रैनर मौजूद थे।

कमीशनिंग की प्रकिया 06 नवंबर से 06 नवंबर को ईव्हीएम मशीनों की कमीशनिंग की प्रक्रिया दोपहर 12 बजे से कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम में शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी ईव्हीएम मशीने स्टांगरूम में पहुंच चुकी है।

## संपादकीय

### किसानों के मुद्दे पर 'आप' भी

*कहने को तो आम आदमी पार्टी मूलतः शहरी लोगों की पार्टी मानी जाती है क्योंकि यह शहरों में रहने वालों और वह भी सिविल सोसायटियों से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा गठित की गयी है। इसका नेतृत्व भी अधिकतर उन्हीं लोगों के हाथों में हैं जो पढ़े-लिखे हैं और शहरों में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता हैं, विशेषकर दिल्ली, मुम्बई जैसे महानगरों में। इसी कारण देश भर के अन्य छोटे-बड़े शहरों एवं कस्बों में भी जब इसका विस्तार हुआ तथा संगठन बना तो उसमें शामिल होने वालों में ज्यादातर युवा एवं शिक्षित समाज है। लम्बे समय तक माना गया था कि इसका दबदबा दिल्ली में है और इसकी राजनीति शहरी समस्याओं के ईर्द-गिर्द ही घूमती है। आप ने सस्ती या निशुल्क नागरिक सुविधाओं के दम पर दिल्ली विधानसभा के चुनाव जीते हैं। वहां उसका प्रचंड बहुमत है और वह बहुत ताकतवर भी है। पिछले साल हुए पंजाब के विधानसभा चुनाव जीतकर वहां भी उसने सरकार बनाकर सबको चकित किया था क्योंकि वहां मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही था। इससे उसके बारे में यह धारणा दूर होने में मदद मिली कि वह केवल शहरी लोगों की पार्टी है। पंजाब की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि ही है- उद्योग एवं व्यवसाय के साथ।*

*अपने बढ़ते विस्तार के कारण उसे केन्द्र सरकार की ओर से पैदा की जाने वाली संवैधानिक व प्रशासकीय अड़चनों से अक्सर जूझना पड़ता है। कभी उसके बनाये कानूनों को दिल्ली के उप राज्यपाल द्वारा निरस्त कर दिया जाता है तो कभी उसके किसी अधिकार में कटौती कर दी जाती है। इसके बावजूद पार्टी अलग-अलग राज्यों में चुनाव लड़ती आ रही है। अक्सर उसे भारतीय जनता पार्टी की भी टीम भी कहा जाता रहा क्योंकि उसके कारण भाजपा विरोधियों के वोट बंटते हैं और भाजपा को फायदा मिलता आया है। इसके बावजूद आप की विस्तार परियोजना कभी रुकी नहीं। हर जगह वह दिखती है, जहां उसका कोई जनाधार नहीं है या उसके लेशमात्र चुनाव जीतने की उम्मीद नहीं होती।*

*छत्तीसगढ़ में भी वह पूरी ताकत से लड़ रही है। सभी 9 सीटों पर उसके प्रत्याशी खड़े हैं। वे कहीं कम तो कहीं ज्यादा मजबूत नज़र आते हैं। कहीं-कहीं उनकी उपस्थिति नाम की है। प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों यानी कांग्रेस-भाजपा के मुकाबले वह सभी जगह कमतर तो है परन्तु देखना यह है कि उसकी उपस्थिति का कहां कांग्रेस को फायदा मिलता है और कहां पर भाजपा को। शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी फिर से छग में थे। बिलासपुर में उन्होंने घोषणा की कि जीतने पर राज्य के किसानों का पूरा धान खरीदा जायेगा और न्यूनतम समर्थन मूल्य 32 रुपये प्रति क्विंटल होगा। यानी किसान यहां भी केन्द्र में है।*

## सार-संक्षेप

### सिम्स के बाहर चाकू लेकर घूम रहा युवक पकड़ाया



**बिलासपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा पर क्षेत्र में बढते अपराधो एवं चाकूबाजी की घटनो पर अंकुश लगाने तथा आदर्श आचार संहिता लागू होने पर क्षेत्र में अवैधानिक गतिविधियो पर निगाह रखने निर्देशित किया गया है ।जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, राजेन्द्र जायसवाल तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी नरेश सिंह उर्फ लाल बहादुर पिता स्व. नान्हू सिंह उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड नं. 11 कोतमा कोलियारी अनुपपुर थाना कोतमा जिला अनुपपुर (म.प्र.), हा.मु. गुड्डू होटल सिम्स चौक बिलासपुर थाना कोतवाली जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सिम्स हॉस्पिटल के गेट नं. 03 के पास लोहे का धारदार कत्ता लेकर लोगो को डराते धमकाते पकडा गया, जिसे धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### स्वीप इलेवन और नव मतदाताओं के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता



**बिलासपुर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु) ।मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आज मस्तूरी में स्वीप इलेवन और मस्तूरी विधानसभा के नव मतदाताओं के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नव मतदाताओं की टीम प्रतियोगिता में विजयी रही। स्वीप इलेवन टीम में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल, एसडीएम मस्तूरी बजरंग वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत मस्तूरी पीयूष तिवारी, सीईओ जनपद पंचायत तखतपुर सत्यव्रत तिवारी, ओम पाण्डेय और स्वीप समिति के अन्य सदस्य शामिल रहे। पांच ओवर के मैच में स्वीप समिति द्वारा तीन विकेट पर 35 रन बनाया गया। रनों का पीछा करते हुए नवमतदाताओं की टीम ने यह मैच पांच ओवर पूरे होने के पहले ही जीत लिया। विजेता टीम को अजय अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतभागियो को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में स्वयं और अपने आस पास के सभी मतदाताओं को जागरूक करने की अपील किया गया। प्रतिभागियों को स्वीप नोडल द्वारा मतदान शपथ भी दिलाया गया।

### स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोनी का जिला पंचायत सीईओ ने लिया जायजा

**बिलासपुर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोनी सेंदरी बिलासपुर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अग्रणी प्रबंधक दिनेश उरांव, संस्थान निदेशक दिनेश चौधरी, एफएलसी अधिकारी एस.एम देशकर, आरएसीसी से अधिकारी द्वारा प्रशसनार्थियों से बातचीत कर प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी गई। मुद्रा योजना एवं अन्य ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। श्री अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के वस्तुओं का अवलोकन कर उनकी सराहना की। उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने कहा।

## शराब के नशे में तलवार लेकर लोगों को डराने वाला युवक पकड़ाया



**बिलासपुर,**5 नवंबर (देशबन्धु)। शराब के नशे में तलवार लेकर लोगों को धमकाने वाले युवक को सकरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शाम लगभग 06.00 बजे ग्राम पदसदा निवासी शुभम यादव पिता दाउराम यादव के द्वारा शराब पीकर नशे की हालत में मोहल्ले तथा ग्राम वासियो को गाली गलौज कर रहा था। मोहल्ले तथा ग्रामवासियो के द्वारा शुभम यादव को गाली गलौज करने से मना करने पर शुभम यादव ईंट व पत्थर को महिलाओ को ओर फेंकने लगा। जिससे आम लोगो के द्वारा उसे पुनः मना किया जा रहा था। इसी दौरान शुभम यादव अपने घर के अंदर से धारदार तलवार को निकालकर लहराते हुये लोगो को भयभीत करने लगा। सभी लोग भयभीत होकर डॉयल 112 को सूचना दिये । डॉयल 112 के मौके पर उपस्थित होने के बाद भी शुभम यादव गाली गलौज कर रहा था। डॉयल 112 स्टाफ से भी शुभम यादव के द्वारा दुर्व्यवहार किया जाने लगा। जिससे डॉयल 112 के स्टॉफ द्वारा थाना सकरी से अतिरिक्त बल मौके पर बुलाया गया। मौके पर पहुंचने पर भी शुभम यादव धारदार तलवार को लहराते हुये ग्राम वासियों को भयभीत कर रहा था। जिससे हमराह स्टाफ, गवाह तथा ग्राम वासियो के समक्ष शुभम यादव को धारदार तलवार सहित काबू कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से गवाहो के समक्ष एक नग धारदार तलवार तलवार को जप्त किया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय होना पाए जाने से धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी के विरुद्ध न्यायिक निर्माण तैयार कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## आरपीएफ ने पकड़ा चुनाव सामाग्री



**बिलासपुर,**5 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी छत्तीसगढ एवं मध्यप्रदेश राज्य के विधानसभा चुनाव की तिथियों के नजदीक आते ही चुनाव आयोग के निर्देशनुसार महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के मार्गदर्शन एवं वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में बिलासपुर मंडल द्वारा रेलवे स्टेशनों प्लेटफार्मो के साथ साथ यात्री गाडियों एवं पार्सलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

विगत दो दिनों में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिलासपुर स्टेशन में चेकिंग के दौरान 793000 नगद एवं 2495297 रूपये का सोना एवं चॉंदी जप्त कर चुनाव उडनदस्ता दल को सुपुर्द किया गया है। इसी प्रकार दिनांक 01-11-23 को आरपीएफ सीआईबी बिलासपुर द्वारा पार्सल से 1300000 रूप्ये की चुनाव प्रचार सामाग्री जप्त की गई है। इसी क्रम में बिलासपुर स्टेशन के साथ साथ मंडल क्षेत्राधिकार के अनुपपुर शहडोल चॉंपा रायगढ,पेण्ड्रारोड इत्यादि स्टेशनों में भी सघन चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है ।आपको बता दें कि [illegible] के तहत रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर मंडल द्वारा गॉंजा के अवैध परिवहन परिवहन के 20 मामलों में लगभग 182 किलो गॉंजा कीमत 3019500 रूप्ये , शराब के 15 मामलों में 173020 रूप्ये की शराब , 1293000 नगदी के साथ 2820297 रूप्ये का [illegible] (सोना एवं चॉंदी) कुल एक करोड रूपये से अधिक की जप्ती/बरामदगी सुनिश्चित कराई जा चुकी है तथा यह अभियान लगातार जारी है।

### स्कूल में नवीन मतदाता सम्मान

**बिलासपुर** ,5 नवंबर (देशबन्धु) ।लिगियाडीह,स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत नवीन मतदाता सम्मान 4 नवंबर स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस लिंगियाडीह में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।जिसमें सात नवीन मतदाताओं मनीष श्रीवास, जलेश्वर देवांगन ,आयुष दास मानिकपुरी ,आयुष साहू ,अतुल्या झा ,अंशु यादव, स्वप्निल साहू को प्राचार्य डॉ.एमके मिश्रा एवं शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्प प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा अपना मत देने हेतु प्रेरित किया गया। उन्हें अवगत कराया गया कि आपको सही प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिल गया है आप अपने मत का सही प्रयोग करें ।साथ ही स्कूल में मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई।

## फार्मा कंपनी के मैनेजर ने कर्मचारी से की मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। नौकरी छोड़ने पर फार्मा कंपनी के मैनेजर ने एमआर की पिटाई कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर तीन चेक पर जबरन हस्ताक्षर करा लिए। एमआर ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

सरकंडा के बंधवापारा में रहने वाले दुर्गेश राठौर एमआर हैं। वे जिस कंपनी में काम करते थे उसे छोड़कर दूसरी कंपनी ज्वाईन कर ली। इससे पहली कंपनी का मैनेजर रंजीत सिंह नाराज था। एमआर ने बताया कि 30 अक्टूबर की शाम वह तेलीपारा स्थित मेडिकल कांप्लेक्स में था।

इसी दौरान रंजीत सिंह वहां आया। वह कंपनी संबंधित काम बताकर दुर्गेश को अपने साथ अभिषेक विहार स्थित आफिस लेकर गया। आफिस में प्रकाश सिंह, प्रिंस पांडेय और सागर शर्मा मौजूद थे।

आफिस पहुंचते ही रंजीत सिंह ने रुपये की मांग की। मना करने पर चारों ने मिलकर दुर्गेश से मारपीट की। इस बीच जान से मारने की धमकी देते हुए उन्होंने एमआर से तीन चेक में हस्ताक्षर करा लिए। एमआर ने मारपीट की शिकायत कोतवाली थाने में की।

यहां कार्रवाई नहीं होने पर संगठन के पदाधिकारियों के साथ एसपी संतोष सिंह से मिले। मामला सिविल लाइन का होने के कारण एसपी ने सिविल लाइन थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

सिविल लाइन पुलिस ने जांच के बाद रंजीत सिंह और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

फार्मा कंपनी के मैनेजर ने कर्मचारी से की मारपीट, जुर्म दर्ज

बिलासपुर, 5नवंबर(देशबन्धु)। नौकरी छोड़ने पर फार्मा कंपनी के मैनेजर ने एमआर की पिटाई कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर तीन चेक पर जबरन हस्ताक्षर करा लिए। एमआर ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है ।सरकंडा के बंधवापारा में रहने वाले दुर्गेश राठौर एमआर हैं। वे जिस कंपनी में काम करते थे उसे छोड़कर दूसरी कंपनी ज्वाईन कर ली। इससे पहली कंपनी का मैनेजर रंजीत सिंह नाराज था। एमआर ने बताया कि 30 अक्टूबर की शाम वह तेलीपारा स्थित मेडिकल कांप्लेक्स में था। इसी दौरान रंजीत सिंह वहां आया। वह कंपनी संबंधित काम बताकर दुर्गेश को अपने साथ अभिषेक विहार स्थित आफिस लेकर गया। आफिस में प्रकाश सिंह, प्रिंस पांडेय और सागर शर्मा मौजूद थे। आफिस पहुंचते ही रंजीत सिंह ने रुपये की मांग की। मना करने पर चारों ने मिलकर दुर्गेश से मारपीट की। इस बीच जान से मारने की धमकी देते हुए उन्होंने एमआर से तीन चेक में हस्ताक्षर करा लिए। एमआर ने मारपीट की शिकायत कोतवाली थाने में की। यहां कार्रवाई नहीं होने पर संगठन के पदाधिकारियों के साथ एसपी संतोष सिंह से मिले। मामला सिविल लाइन का होने के कारण एसपी ने सिविल लाइन थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। सिविल लाइन पुलिस ने जांच के बाद रंजीत सिंह और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## दीपावली से पहले ऑफर्स के साथ बाजार तैयार



**बिलासपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। दिवाली से पहले पुष्य नक्षत्र के साथ ही खरीदारी का शुभ सप्ताह शनिवार से शुरू हो गया है और ऐसे में इसे लेकर बाजार भी पूरी तरह से तैयार है। सराफा, आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ा सहित पूरे बाजार में आफरों की बौछार है। इस वर्ष आटोमोबाइल की रफ्तार पिछले वर्ष की तुलना में काफी ज्यादा रहने की उम्मीद है। शुभ दिनों के लिए आटोमोबाइल संस्थानों में जबरदस्त बुकिंग की जा रही है।

**शुभ दिन के ठीक पहले सोना चमका:** पुष्य नक्षत्र के एक दिन पहले शुक्रवार शाम को सोने की कीमतों में तेजी आ गई। सराफा बाजार में सोना 350 रुपये महंगा होकर 63200 रुपये प्रति दस ग्राम स्टैंडर्ड रहा। वहीं चांदी की कीमतों में स्थिरता रही और यह 73 000 रुपये प्रति किलो रही। सराफा संस्थानों में त्योहारी सीजन को देखते हुए आभूषणों की बनवाई में आकर्षक छूट दी जा रही है। इसके साथ ही निश्चित राशि की खरीदारी पर आकर्षक उपहार भी है। सराफा संस्थानों में आभूषणों की नई रेंज है।

**शुभ दिन के लिए बाजार है तैयार आफरों की बौछार:** कारों में 70 हजार तक छूट तो दोपहिया में लोएस्ट डाउन पेमेंट आटोमोबाइल कंपनियों द्वारा भी जबरदस्त आफर दिया जा रहा है। इसके तहत कारों में 70 हजार रुपये तक छूट के साथ ही दोपहिया में लोएस्ट डाउन पेमेंट व आकर्षक ब्याज दर पर दोपहिया उपलब्ध है। शुभ दिनों को लिए गाड़ियों की जबरदस्त बुकिंग है।

**कपड़ा व इलेक्ट्रानिक्स मार्केट भी तैयार:** पुष्य नक्षत्र को लेकर कपड़ा बाजार व इलेक्ट्रानिक्स मार्केट भी तैयार है। उपभोक्ताओं को लुभाने त्योहारी सीजन के हिसाब से कपड़ों के नए कलेक्शन है। साथ ही टीवी, फ्रीज,वाशिंग मशीन और अन्य उत्पादों में जबरदस्त आफर दिए जा रहे है। कारोबारियों को उम्मीद है कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा कारोबार होगा।

## सार-संक्षेप

## एसईसीएल मुख्यालय में प्रबंधन व एचएमएस की हुई बैठक



**कोरबा,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल मुख्यालय में एसईसीएल प्रबंधन व कोयला मजदूर पंचायत (एचएमएस) के साथ बैठक संपन्न हुई। कोयला मजदूर पंचायत द्वारा 6 नवंबर से मुख्यालय के समक्ष आमरण अनशन की नोटिस प्रबंधन को दी गई थी। जिसमें मुख्य रूप से कोयला मजदूर पंचायत को औद्योगिक संबंध के तहत विभिन्न समितियों में प्रतिनिधित्व दिये जाने, सभी क्षेत्रों में कार्यरत ठेका श्रमिकों पर लागू श्रम कानूनों का पालन किये जाने व उन्हें सही मजदूरी का भुगतान करने। विभिन्न क्षेत्रों/खदानों में मैन पावर की कमी दूर करने के मद्दे शामिल हैं।

रिटायर्ड कामगारों को एरियर्स व बोनस का भुगतान करने, सैफ के माध्यम से पेमेंट में हो रहे विसंगतियो को दूर किये जाने, सर्फेस में कार्यरत उन श्रमिकों को सर्फेस के रोल में किये जाने की मांग थी जो बर्षो से सर्फेस में कार्यरत हैं और अंडर ग्राउंड के रोल में हैं आदि मुद्दे प्रमुख थे। इस संबंध में संघ के महामंत्री विनय सिंह द्वारा बताया गया कि बैठक काफी सकारात्मक रही। उसके बाद प्रबंधन के अनुरोध पर आमरण-अनशन को 15 दिसम्बर तक स्थगित कर दिया गया। बैठक में प्रबंधन से महाप्रबंधक कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध एसईसीएल अनूप संतोषी, कार्मिक प्रबंधक आईआर मनीष श्रीवास्तव, कार्मिक अधिकारी वरूण शर्मा मौजूद रहे। कोयला मजदूर पंचायत के पदाधिकारियों में राधेश्याम सिंह, डॉ. एन एल पटेल, गजेन्द्र सिंह तंवर केन्द्रीय उपाध्यक्ष गण, संजय सिंह, महेन्द्र सिंह पंवार केन्द्रीय सचिव गण, के अतिरिक्त किशोरी मोहन सिंह, अजय सिंह, राम तिलक यादव, पुरूषोत्तम नापित, सोहागपुर क्षेत्र, विजय पटेल, जोहिला क्षेत्र, डी के सिंह, नागेन्द्र सिंह, सुबोध सिंह,रिचर्ड व शारदा प्रसाद, ए सलाम (जुगनू खान), हीरालाल निर्मलकर, अनिल सिंह, परवेज अजीजी, बाबूलाल बरेठ, श्री मिखाईल आदि उपस्थित थे।

## सीएसपी के नेतृत्व में दर्री में निकाला गया फ्लैग मार्च



**कोरबा,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। दर्री के अलग-अलग क्षेत्र में पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाल गया। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध गतिविधियां रोकने हेतु दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए गए हैं जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया के नेतृत्व में दर्री थाना से पुलिस वाहन बाईक से फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने घनी आबादी वाले क्षेत्र में पैदल मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जनता को भयमुक्त, बिना किसी के दबाव में अधिक से अधिक मतदान में शामिल होने अपील किया गया। फ्लैग मार्च थाना दर्री से प्रारंभ होकर दर्री बस्ती, सीएसईबी कालोनी, अयोध्यापुरी बस्ती, जैलगांव चौक, एनटीपीसी कालोनी, अगारखार, लाटा, केंदईखार, अटल आवास, साडा कालोनी से होते हुए थाना दर्री में समाप्त किया गया। फ्लैग मार्च में रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा, थाना प्रभारी दर्री निरीक्षक चमन सिन्हा, थाना प्रभारी दीपका निरीक्षक अश्वनी राठौर, थाना प्रभारी कुसमुण्डा कृष्णा वर्मा, थाना प्रभारी बांकीमोंगरा श्रीमति उषा सोंधिया, चौकी प्रभारी सर्वमंगला सहायक उप निरीक्षक विभोर तिवारी एवं दर्री पुलिस अनुविभाग के अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं सीएसईबी कोरबा पश्चिम के सुरक्षा गार्ड शामिल हुए।

## हाथियों ने 3 मवेशियों को मारा, दो मकानों को किया क्षतिग्रस्त



**कोरबा-पसान,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों ने उत्पात मचाया है। शनिवार रात रेंज के ग्राम हरदेवा में दो ग्रामीणों के मकान को तोड़ने के साथ ही तीन मवेशियों को मार डाला। घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में 48 हाथियों का झुंड पिछले कुछ दिनों से विचरण कर रहा है। बीती रात इस दल में से 30 हाथी अलग हुए और रात लगभग 11 बजे हरदेवा गांव में पहुंच गए। यहां हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने यहां निवासरत ग्रामीण वीर सिंह के घर को तोड़ दिया। यहां बंधे तीन मवेशियों को भी हमला कर मार दिया। मृत मवेशियों में एक बैल व दो बछड़े शामिल हैं। हाथियों ने सहदेव के मकान को भी ध्वस्त करते हुए वहां रखे चावल व अन्य खाद्यान्न सामाग्री को चट कर दिया।

# रोजगार की तलाश में निकले युवक की मौत, मर्च्यूरी में पड़ा रहा शव

### 2 दिन बाद सोशल मीडिया के जरिए परिजनों ने की पहचान

**कोरबा,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। काम छूटने के बाद आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे युवक की रोजगार तलाश में निकलने के दौरान मौत हो गई। दो दिन तक पहचान नहीं होने के कारण शव मर्च्यूरी में पड़ा रहा। सोशल मीडिया के जरिए फोटो वायरल होने पर मृतक की पहचान हुई और शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

जानकारी के अनुसार मृतक युवक का नाम पुनीराम सतनामी है,जो ग्राम भुलसीडीह का निवासी था। उरगा थाना क्षेत्र के भैसमा और पहरीपारा के बीच अज्ञात वाहन की ठोकर से उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। 27 वर्षीय पुनीराम रोजगार की तलाश में 3 नवंबर को घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा।



सोशल मीडिया में उसके मौत होने की खबर जब वायरल हुई तब परिजन अस्पताल पहुंचे और पुलिस को पूरी बात बताई। बताया जा रहा है,कि पुनीराम के घर के आर्थिक दशा काफी खराब हो गई है। 15 दिन पहले काम छूट जाने के कारण वह काफी परेशान भी था। मृतक के जीजा दीपक खंडे ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करता था इसके बाद काम छूटने के बाद हो रोजी मजदूरी का काम कर रहा था क्योंकि परिवार में मां-बाप पत्नी और दो बच्चे हैं जिनका भरण पोषण युवक करते आ रहा था। नौकरी छूटने के बाद बहुत परेशान था और घर से काम की तलाश में पैदल निकला हुआ था जहां सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल होने के बाद गांव में ही रहने वाले लोगों पर पड़ी और इसकी सूचना उनके द्वारा दी गई तब जाकर जिला अस्पताल पहुंचे और शव का पहचान किया। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजूर ने बताया कि 112 के माध्यम से जिला मेडिकल कॉलेज में युवक को भर्ती कराया गया था जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई शव के पहचान करने के बाद मृतक के परिजनों का बयान दर्ज किया गया। वैधानिक कार्यवाही बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## पहले पुत्र को पीटा फिर पिता को मारपीट कर नरवा में पटक दिया, जुर्म दर्ज

**कोरबा-पसान,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। उड़ावनी पंखा के बनने-बिगड़ने की बात को लेकर चाचा ने पहले अपने भतीजे को पीटा। इस बात पर जब पिता ने ऐतराज जताया तो उसके साथ भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया और नरवा में पटक कर चला गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार मामला पसान थाना अंतर्गत कोरबी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम ढोड़हापारा का है। यहां आनंदवती अपने पति रायसेन और पुत्र सुखसेन के साथ निवासरत् रहकर खेती-किसानी करती है। गांव में ही उसका देवर बेद सिंह भी रहता है। 30 अक्टूबर को सुख सेन ने धान उड़ाने के लिए पंखा चाचा बेद सिंह से लेकर अपने घर लाया था। इस बात पर बेद सिंह ने आपत्ति जताया कि पंखा खराब कर देते हो और सुबह करीब 10 बजे सुखसेन से मारपीट किया। सुखसेन ने घर आकर पिता राय सिंह को यह बात बताई। थोड़ी देर बाद मां और बेटा धान काटने खेत चले गये और पति गोक लेकर जंगल चला गया। दोपहर करीब 12 बजे बेद सिंह ने खेत में आकर सुखसेन को बताया कि तेरा पिता जंगल के पास नरवा में गिर गया है और उसे घर ले आओ। आनंदवती अपने पुत्र सुखसेन के साथ ढोड़हा जंगल के पास नरवा में गई तो पानी में राय सिंह लहूलुहान पड़ा था। किसी तरह बाहर निकाल कर पूछे तो गांव वालों के सामने बताया कि उसने जब अपने बेटे को मारपीट करने की बात बेदसिंह से पूछा तो उसने मैं पंखा को बनाता हूं और तुम लोग बिगाड़ देते हो कहकर गाली गलौज किया। सबको मारकर गाड़ दूंगा बोलकर टांगी के उल्टे तरफ से पीठ में मारा और नरवा में पटक दिया। रायसिंह को घर लाकर बैकुंठपुर अस्पताल में इलाज कराया गया। ठीक लगने पर आनंदवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर धारा 294, 323, 506 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

## रुपए नहीं दिया तो बहू के साथ मारपीट, चप्पल से जेठ ने मारा

**कोरबा-बांकीमोंगरा,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। सास के द्वारा दिए गए पैसे को बिना पूछे देने से जब बहू ने पति को इंकार कर दिया तब पूरे परिवार ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। जानकारी के अनुसार घटना बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत गजरा साइड की है। मकान नंबर-102/6 में रहने वाली युवती का राहुल खरे के साथ प्रेम संबंध है और आपसी रजामंदी से वर्ष-2022 से राहुल के साथ घर में पति-पत्नी के रूप में रह रहे थे। 3 नवंबर को शाम 7:30 बजे राहुल ने अपने भाई साजन खरे को देने के लिए पत्नी प्रभा से रुपए मांगा।

प्रभा ने सास लक्ष्मीन बाई खरे के द्वारा पैसा उसके पास रखवाना और पूछकर देने की बात कही तो इससे नाराज होकर राहुल ने गाली-गलौज किया। गाली देने से मना करने पर हाथ-मुक्का से मारपीट किया। इसके बाद जेठ साजन खरे, सास लक्ष्मीन बाई, ननद अनन्या ने घर से भागकर आने का ताना देते हुए हमारे घर में रहना है तो सभी लोगों का सुनकर रहना होगा कहा और गालियां दी। जान की धमकी देकर मारपीट किया और ननद से दांया हाथ को मोड़ दिया और जेठ ने चप्पल से पीठ और पेट में मारा। इसकी जानकारी पीड़िता ने फोन पर अपने पिता को दी जो गजरा बस्ती पहुंचे और अपने साथ ले गये। पीड़िता ने मायके वालों से सलाह-मशविरा कर पिता के साथ थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया। पति राहुल सहित साजन, लक्ष्मीन, अनन्या के विरुद्ध धारा 294, 323, 34, 506 भादवि के तहत जुर्म दर्ज्र कर विवेचना की जा रही है।

### चर्चा-ए-चौक : संदर्भ विधानसभा चुनाव

## फोकस में किसान, टेंशन में नेता




**कोरबा,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। चुनावी दौर में घोषणाओं का सिलसिला चल पड़ा है। रोजमर्रा के मुद्दों और ज्यादा से ज्यादा लाभ बताने वाली योजनाओं और कार्यों का घोषणा पत्र जारी हुआ है। प्रमुख दल कांग्रेस और भाजपा के साथ-साथ जोगी कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र जारी किए तो आम आदमी पार्टी भी पीछे नहीं रही। इन सबके घोषणा पत्र में धान का कटोरा छत्तीसगढ़ के किसान सबसे ज्यादा फोकस में हैं। किसानों पर इन सभी दलों का इतना फोकस है कि रुपए बढ़ाकर धान का समर्थन मूल्य देने का ऐलान किए हैं। अब चर्चा चौक पर है कि नेता टेंशन में आने लगे हैं क्योंकि फोकस में किसान हैं। किसानों का वोट ज्यादा से ज्यादा आकृष्ट करने भाजपा ने 3000, कांग्रेस ने 3200 रुपए देने का ऐलान किया तो आप ने 3600 रुपए और जोगी कांग्रेस ने 4000 रुपए देने की घोषणा शामिल की है। एक नहीं बल्कि कई कदम आगे बढ़कर इन घोषणाओं ने किसान को भी असमंजस में डाल दिया है जबकि अभी धान खरीदी का मौसम शुरू है। वह नई सरकार बनने के बाद धान बेचने का मन ज्यादातर बना रहा है।

## ट्रेक्टर से उछलकर गिरा सवार, दर्दनाक मौत

**कोरबा-कटघोरा,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। टेक्टर के इंजन के पास असुरक्षित ढंग से बैठकर जा रहा एक युवक उछल कर गिर पड़ा। सड़क पर गिरे युवक को गंभीर चोट आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना 3 नवंबर की रात 9 बजे जटगा पुलिस सहायता केन्द्र अंतर्गत तान नदी पुल के ऊपर घटित हुई। बताया गया कि जॉन डियर कंपनी की हरे रंग की ट्रेक्टर ट्राली में सवार होकर मोटरसायकल गैरेज का संचालक हिमांशु उर्फ दीपेन्द्र सिंह 32 वर्ष ठाकुर मोहल्ला जटगा और उत्तम धनवार तथा 2 अन्य व्यक्ति जटगा से अमलीकुंडा जा रहे थे। ये सभी ट्रेक्टर के इंजन के पास बैठे थे तथा नन्दू उर्फ शिरोमणी सिंह तंवर ट्रेक्टर चला रहा था। तेजी और लापरवाहीपूर्वक ट्रेक्टर चलाने के दौरान धोबघाट जटगा के आगे तान नदी पुल के ऊपर इंजन उचकने से उत्तम सड़क पर गिर पड़ा। उत्तम को शरीर में अंदरूनी चोट आई थी। उसे उपचार के लिए जटगा पीएचसी ले जाया गया जहां परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। इस मामले में दीपेन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर ट्रेक्टर चालक के विरुद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## मैराथन दौड़, रैली तथा नारा लेखन कर किया जागरुक




**कोरबा,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी श्री विश्वदीप के निर्देशन में कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गोदग्राम भादा में दिवा शिविर का आयोजन किया गया।

करतला विकासखंड के ग्राम भादा में मैराथन दौड़, रैली तथा दीवारों पर नारा लेखन कर ग्राम के मतदाताओं को मतदान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। नुक्कड़ में बैठे लोगों, घर में मिट्टी की छपाई करती हुई महिलाओं तथा युवाओं के पास जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त राष्ट्र बनाने में उनकी भूमिका समझाते हुए मतदान हेतु प्रेरित किया। आयोजन में वरिष्ठ स्वयंसेवक सन्नी राव जगताप, देवांश कुमार तिवारी, करन सोनी, सविता यादव, किशन यादव, सुरेश दास, उदय दास, आशीष यादव आदि स्वयंसेवकों ने जिला संगठक वाई के तिवारी के नेतृत्व में भाग लिया। रैली में ग्राम की रामबाई यादव, मितानिन निशा यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कंचन बाई यादव, चमारिन भाई महंत, बैजू राम यादव, नरेश यादव, गोवर्धन दास आदि ग्रामवासियों ने भी भाग लिया स्वयंसेवकों ने अमृत वाटिका भादा में रोपित पौधों की सुरक्षा को मजबूत बनाने के साथ ही 45 पौधों के लिए क्यारियों का निर्माण किया। श्रमदान में अनंत दास महंत, कौशलेश यादव, दिलहरण यादव, मनीष चंद्र, आंचल यादव, रितिक यादव, धीरज यादव, अंकुश यादव, सुमित यादव, समीर महंत, निलेश दास महंत, शेखर दास, साहिल महंत, देवेश यादव आदि की भूमिका रही।

## अमृत लाल कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव नियुक्त



**कोरबा-कोरबी-चोटिया,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता रह कर पिछले कई सालों से नि:स्वार्थ भाव से सेवा करते आ रहे ग्राम सिरमिना में निवासरत अमृत लाल ताम्रकार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक लाल जी देसाई तथा राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी प्रताप नारायण मिश्र की सहमति से सेवादल कांग्रेस के प्रदेश मुख्य संगठक अरुण ताम्रकार के द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्ति की गई है। श्री ताम्रकार से कहा गया है कि वे संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए नियमों, सिद्धांतों के अनुरूप कार्य को निष्पादित करेंगे। इस नियुक्ति से पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक कांग्रेस, सेवादल के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

## कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता के लिए हुई प्रतियोगिताएं



**कोरबा,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नारा लेखन, पोस्टर, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तारा शर्मा, श्रीमती संध्या पांडेय और डॉ. पी.के.सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का प्रारंभ एनएसएस के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डेजी कुजूर ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता और सरदार वल्लभभाई पटेल, एक भारत उन्नत भारत, मतदाता जागरूकता एवं स्वीप कार्यक्रम जैसे विषयों पर नारा लेखन, निबंध, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। छात्राओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एनएसएस की स्वयंसेविका श्रद्धा जांगड़े, नीतू चौहान, प्रिया राजपूत, मंजुला, गरिमा मरकाम, गीतानियां महंत, जानकी राठौर, रिया पटेल, कृतिका, नेहा श्रीवास, रेशमा साहू, तुलसी, निकिता साहू और गीतांजलि का सक्रिय योगदान रहा।

## नया बस स्टैण्ड से कबाड़ वाहनों को हटाने का निर्णय, शराब पीने पर जुर्माना

### यातायात महासंघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**कोरबा,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। नया बस स्टैण्ड में यातायात महासंघ की बैठक रविवार को हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, संभागीय उपाध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी, बिलासपुर एवं बस मालिकों की उपस्थिति रही।

बैठक में नया बस स्टैंड में वाहन संचालन एवं संगठन का गठन तथा महासंघ की प्रतिमाह 1 से 10 तारीख के रविवार को बैठक करने पर चर्चा हुई। इसके अलावा निर्णय लिया गया कि चुनाव उपरांत नया बस स्टैंड में केवल बस के अतिरिक्त जितने भी अन्य वाहन जैसे-मेटाडोर, मिनी डोर, कबाड़ वाहन को हटाने चर्चा की गई। वाहन में कार्यरत चालक-परिचालक द्वारा वाहन को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने या काम छोड़ने पर संघ की जानकारी के बिना उसे कोई भी बस मालिक कार्य पर नहीं रखेगा। जिलाध्यक्ष के द्वारा सभी बस मालिकों को निर्देशित किया गया है कि आचार संहिता का पालन करना एवं सहयोग करना है। बस संचालक, चालक, परिचालक, कुली या बस कर्मचारी शराब का सेवन करता है तो उस पर संघ द्वारा 10 हजार का जुर्माना एवं पुलिस कार्यवाही की जाएगी। एजेंटों के द्वारा बस मालिकों के साथ दुर्व्यवहार के संबंध में भी चर्चा की गई है गलत पाये जाने पर संघ द्वारा कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रफुल्ल तिवारी, बृजेश त्रिपाठी, अनिल शर्मा, अख्तर अली, घनश्याम राठौर, केशर स्वामी, हरिशचंद्र त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी, सलीम मेमन, धीरू जोगी, चंद्रदत्त जायसवाल, प्रेम स्वामी, दुर्गेश चौबे, सुशील खाण्डे, सुरजीत खाण्डे, आनंद नायडु, अभय गुप्ता, राकेश मेहरा, पुष्पराज सिंह, कैलाश चंद्र, कादिर अली, नरेन्द्र साहू, विष्णु राठौर, महावीर प्रसाद एवं अन्य बस संचालक उपस्थित थे।

## दो आरोपी से सट्टापट्टी एवं नगदी रकम जप्त



**कोरबा,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। मानिकपुर पुलिस ने क्रिकेट वर्ल्ड कप में सट्टा लगाते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। दोनों सटोरियों से नगदी सहित मोबाइल व सट्टापट्टी जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी कोतवाली रूपक शर्मा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में 4 अक्टूबर को दो सटोरियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग मुड़ापार में नवधा चौक के पास रुपयों का दांव लगाकर सट्टा खेल रहे हैं। उक्त सूचना के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मुड़ापार निवासी प्रदीप ठाकुर उर्फ निक्कू तथा अनुराग चौहान उर्फ अन्नू से सट्टापट्टी व नगदी रकम 2100 रुपए, मोबाइल को जप्त कर आरोपियों को जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में महिला प्रधान आरक्षक स्मिता बेक, आरक्षक अशोक पाटले एवं गंगाराम डांडे शामिल रहे।


## लैलूंगा में भीतर की अप्रिय स्थिति से बचने कांग्रेस की कवायद

### ओम सागर व ठंडाराम को मिली दूसरे विधानसभा की जिम्मेदारी

**रायगढ़** 05 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशी घोषित होते ही एक विवाद शुरू हो गया था पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ओम सागर पटेल और वर्तमान ब्लाक अध्यक्ष ठंडाराम बेहरा के कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता नाराज चल रहे थे जिससे कांग्रेस में अंतर्कलह देखने को मिल रही थी। सिटिंग विधायक को टिकट नही मिलने उनके समर्थकों में रोष व्याप्त था जिसके चलते युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन पंडा सहित सरपंच संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिदार ने कांग्रेस को अलविदा कह दिया और सोशल मीडिया में खुला चुनौती भी सामने आ रहा था वही पूर्व विधायक कद्दावर आदिवासी नेता हृदयराम राठिया को टिकट नही मिलने का कारण भी ओम सागर पटेल व ठण्डाराम को माना जा रहा था जिससे श्री राठिया के समर्थकों में भारी आक्रोश व्याप्त था और लगातार भितरघात की स्थिति बन रही थी।

जिससे लैलूंगा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना कर पड़ सकता था इन सभी पहलुओं को भांपते हुए कांग्रेस के आलाकमान ने ओमसागर पटेल और ठंडाराम बेहरा को लैलूंगा से हटा कर दूसरे जगह का प्रभार दे दिया है इन दोनो के दूसरे जगह की जिम्मेदारी मिलने से कांग्रेस की अंतर क्लह से गुडबाजी समाप्त होने की संभावना जताया जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी विद्यावती सिदार की जीत सुनिश्चित बताई जा रही वही अब हृदय राम राठिया के प्रचार में निकलने से अपार जन समर्थन मिलने वाली है और कांग्रेस के कार्यकता में एक ऊर्जा का पुन: संचार हुआ है बता दे कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में लंबे समय से दोनों पदाधिकारी को लेकर नराज चल रहे थे।


## ताईक्वांडो में रजगामार व कोरकोमा के प्रतिभागियों ने जीते मेडल



कोरबा, 05 नवंबर (देशबन्धु)। एमेच्योर ताईक्वांडो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के द्वारा सेकण्ड स्टेयरिस छत्तीसगढ़ चैंपियनशिप 28 से 30 अक्टूबर को श्यामा प्रसाद इंडोर स्टेडियम, रायपुर में संपन्न हुआ। चैंपियनशिप में जिले के प्रतिभागी ग्राम रजगामार एवं कोरकोमा के प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक मेडल प्राप्त किया। एमेच्योर तायक्वांडो एसोसिएशन छत्तीसगढ़, रायपुर के वर्किंग प्रेसीडेंट अनिल डी. सहारे ने बताया कि प्रतियोगियों को प्रशिक्षक अनिल सहारे थर्ड डेन ब्लेक बेल्ट के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सफल प्रतियोगियों में अनिल शर्मा को गोल्ड मेडल, अमित वर्मा गोल्ड मेडल, आयुष कंवर गोल्ड मेडल, उमेश कंवर सिल्वर मेडल, कु. अनुसुईया सिल्वर मेडल, अनिल सिल्वर मेडल, तितिक्षा कोसले सिल्वर मेडल, आयुष कुमार ब्रास मेडल, पीयुष कंवर ब्रास मेडल, उदय कंवर को ब्रास मेडल प्राप्त हुआ।

## सार-संक्षेप

### पीएम की सभा को देखते हुए दतिमा ग्राउंड नो ड्रोन फ्लाइंग जोन



**सूरजपुर** 5 नवंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 7 नवंबर को जिले के दतिमा स्थित ग्राउंड में भाजपा की आम सभा को संबोधित करने पहुंच रहे हैं प्रधानमंत्री के आगमन दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 4 नवंबर से 7 नवंबर के शाम 5:00 तक ग्राम दतिमा एवं आसपास के क्षेत्र को नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है।

### आज होगा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अम्बिकापुर** 5 नवंबर (देशबन्धु)। विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि जिले में मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन सरगुजा तथा विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा के मुख्य आतिथ्य में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन रविवार को विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज अम्बिकापुर के नवीन परिसर के सभागार में दोपहर 12:30 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, स्वीप प्रभारी श्री गिरीश गुप्ता उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा युवा मतदाताओं को अपने सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मताधिकार का आने वाले मतदान दिवस पर अवश्य उपयोग करने हेतु कविताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित किया जायेगा।

### चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य रूप से व्यय लेखा मिलान कराने तिथि निर्धारित

**अंबिकापुर** 5 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों के अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान तीन बार रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से व्यय प्रेक्षक द्वारा लेखा निरीक्षण किया जाना है। इसके लिए तिथि एवं समय निर्धारित किया गया है। व्यय लेखा संबंधी समस्त दस्तावेजों सहित अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित होकर लेखा मिलान किया जाना सुनिश्चित करेंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रथम निरीक्षण 06 नवंबर 2023, द्वितीय निरीक्षण 10 नवंबर 2023 एवं तृतीय निरीक्षण 15 नवंबर 2023 को किया जाएगा। उक्त निरीक्षण कलेक्टोरेट परिसर अम्बिकापुर जिला सरगुजा के कम्पोजिट बिल्डिंग ( ।ददमइ) व्यय मॉनिटरिंग कक्ष क्रमांक-07 में प्रात: 10:00 बजे उपस्थित होकर कराना अनिवार्य है। नियमों का पालन नहीं किए जाने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा सकती है।

### दुरूस्त क्षेत्र में मतदान जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर** 5 नवंबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम छतरंग, पालकेवरा, बनगवां कैलाशनगर में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु समझाया गया तथा शपथ दिलाया गया। इन सभी गांवों में पिछले निर्वाचन में वोट बहिष्कार की स्थिति बनी थी व मतदान का प्रतिशत शून्य था। लेकिन इस बार मतदाताओं की सोच बदली है लोग बड़े उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित हो रहे हैं। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कैलाशनगर से शुरू हुआ फिर पालकेवरा, बनगवां उसके बाद छतरंग के साप्ताहिक बाजार में लोगों को समझाते हुए शपथ दिलाया गया। शपथ सुश्री मीरा कुरील एवं मोहम्मद महमूद के द्वारा दिलाया गया इस कार्यक्रम में एकिकृत महिला बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी सुश्री मीरा कुरील, सेक्टर छतरंग की सुपरवाईज़र श्रीमती गौरी राठिया , बीपीओ ओडगी मोहम्मद महमूद तथा क्षेत्र के शिक्षकगण एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका शामिल रहे।

### प्रेक्षक ने मतदान के केन्द्रों का लिया जायजा

**अम्बिकापुर** 5 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री रूपवंत सिंह ने मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। उन्होंने शुक्रवार को मतदान केंद्र क्रमांक 73 डीसी रोड मल्टीपर्पज स्कूल, मतदान केंद्र क्रमांक 77 स्कूल रोड मल्टी पर्पज स्कूल, मतदान केंद्र क्रमांक 74 देवीगंज रोड स्कूल रोड शा.कन्या शाला, मतदान केंद्र क्रमांक 75 विजय मार्ग चर्च रोड शा.कन्या शाला तथा शनिवार को मतदान केंद्र क्रमांक 116 सदर रोड स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी दक्षिणी कक्ष, मतदान केंद्र क्रमांक 128 भट्ठा पारा कुंडला सिटी प्रा.शाला मणिपुर पूर्वी कक्ष,मतदान केंद्र क्रमांक 129 भट्ठा पारा कुंडला सिटी2 प्रा.शाला मणिपुर पूर्वी कक्ष एवं मतदान केंद्र क्रमांक 130 भाथुपारा प्रा.शाला मणिपुर का निरीक्षण किया।

उन्होंने मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर केंद्रों में पीने के पानी, बिजली, साफ-सफाई सहित शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उत्तम व्यवस्था हेतु अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान दलों हेतु सभी मतदान केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्था हो। प्रेक्षक श्री सिंह ने इस दौरान सभी मतदान केन्द्रों में उपस्थित बीएलओ से आवश्यक चर्चा की तथा वोटर लिस्ट के सम्बंध में भी जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारी को आपसी समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण ढंग से काम करने को कहा तथा अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन गम्भीरता के साथ निष्ठापूर्ण ढंग से करने निर्देशित किया।

### इलेक्ट्रानिक दुकान में चोरी

**रायगढ़** 05 नवंबर (देशबन्धु)। एक दिन पहले कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास इलेक्ट्रॉनिक दुकान के बाहर डिस्प्ले के लिए रखे दो नये इलेक्ट्रिक गीजर को दो अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। सीसीटीवी में दिख रहे दो संदिग्ध चोरों को कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खोज निकाली, दोनों आरोपियों से चोरी गए दो काप्टन कंपनी के गीजर की जप्ती कर चोरी की अपराध में जेल भेजा गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 2 नवंबर की रात थाना कोतवाली में नटवरलाल गोयल निवासी केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास रायगढ़ द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके संस्थान प्लेटिनम सेल्स में अभी दिवाली के समय दुकान गेट के सामने डिस्प्ले के लिए इलेक्ट्रॉनिक आइटम रखे गए हैं। 1 नवंबर के शाम दुकान का कर्मचारी ग्राहक को दिखाने दुकान के बाहर रखे इलेक्ट्रिक गीजर लेने गया तो जानकारी हुआ कि 2 नये गीजर को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। संस्थान संचालक नटवरलाल गोयल के रिपोर्ट पर द्वारा थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे एवं हमराह स्टाफ द्वारा मौके पर जाकर आसपास दुकानवालों से पूछताछ कर सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध व्यक्ति दिखे, तत्काल उनकी पतासाजी में कोतवाली पुलिस जुट गई।

# 7 से 30 नवम्बर तक एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

### भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

**अम्बिकापुर** 5 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर रोक लगाई गई है।




भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत 7 नवम्बर को सवेरे सात बजे से 30 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि को एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित अवधि के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी।

आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन पांच राज्यों में साधारण निर्वाचन एवं उप निर्वाचन में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

अधिसूचना अनुसार इस धारा के उपबन्धों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर दण्ड के रूप में दो वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों का प्रावधान है।

### मतदान के लिये 3026 छात्र-छात्राओं ने भरवाये 67 हजार वचन पत्र



**सूरजपुर** 5 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किया जा रहा है। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप रैली, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक, भाषण, स्वीप-चित्रकला, स्वीप-रंगोली, स्वीप-पेंटिग, स्वीप मेंहदी, मशाल रैली, आदि का आयोजन लगातार हो रहा है। इसी तारतम्य में आज जिले के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं द्वारा अपने अभिभावकों एवं परिवार के समस्त पात्र मतदाता सदस्यों से शत प्रतिशत मतदान करने हेतु वचन पत्र भरवाया जा रहा है। इसके साथ ही मतदान दिवस 17 नवंबर को जिन लोगों ने वचन पत्र भरा है, वे सभी लोग संबंधित मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर मतदान करें, इसकी जिम्मेदारी उन छात्र-छात्राओं को दिया जा रहा है, जिन्होनें वचन पत्र भरवाया है। अभी तक विभिन्न विद्यालयों के 3027 छात्र-छात्राओं के द्वारा लगभग 67000 वचन पत्र भरवाए जा चुके हैं साथ ही एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं स्काउट गाइड के बच्चों को मतदान दिवस को मतदान केंद्रों में मतदाताओं के सहयोग हेतु स्वयंसेवी के रूप में कार्य करने के लिये तैयार भी किया जा रहा है।

### मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

**कलेक्टर** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 223 के लिए जिले में द्वितीय चरण में 17 नवंबर 223 को मतदान किया जाना है। जिसके सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के अनुसार मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी में किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति का सवेतन अवकाश स्वीकृत किया जाना है। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस पर मतदान करने हेतु सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इस सम्बंध में कलेक्टर ने सर्व विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

## बाकारूमा बैरियर में जांच दौरान पिकअप वाहन में मिला 2.93 लाख कैश

### हिसाब ना देने पर पुलिस ने किया जब्त
### चैकी रैरूमाखुर्द पुलिस व एसएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई



**रायगढ़** 05 नवंबर (देशबन्धु)। आचार संहिता का प्रभावी रूप से पालन कराने प्रशासन और पुलिस की टीम मुस्तैदी के साथ काम कर रही है। बीती रात्रि धरमजयगढ़-पत्थलगांव मुख्य मार्ग पर बाकारूमा बैरियर में चैकी रैरूमाखुर्द पुलिस और एसएसटी टीम वाहनों की जांच में लगी हुई थी। इसी दरम्यान पिकअप क्रमांक सीजी 14 एम के 1544 अंदर एक काले रंग के बैग में जांच टीम को 2,93,850 रुपये कैश मिला। पिकअप वाहन में मौजूद संतोष अग्रवाल पिता स्वर्गीय राजकुमार अग्रवाल उम्र 45 वर्ष निवासी पत्थलगांव, जशपुर को पुलिस टीम द्वारा नकद रूपयों के परिवहन का प्रयोजन जाने पूछताछ कर नोटिस के माध्यम से वैध दस्तावेज की मांग किया गया। संतोष अग्रवाल द्वारा किसी पर का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर चैकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवागंन द्वारा धारा 102 ब्तच्ब् के तहत नकद रूपयों की जप्ती कार्रवाई कर जिला निर्वाचन कार्यालय को सूचना दिया गया है।

विदित हो कि एसएसपी सदानंद कुमार के मार्गर्देशन पर समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण द्वारा एसएसटी टीम की मॉनिटरिंग की जा रही है एवं सबंधित थाना, चैकी प्रभारी लगातार क्षेत्र के एसएसटी टीम के साथ वोटरों को लुभाने वाली सामाग्रियों को बार्डर में ही पकड़ने एवं कार्यवाही के खास इंतजाम किये गये हैं।

### भाजपा प्रत्याशी ने क्षेत्र के विकास के लिए जारी किया शपथ पत्र




**चिरमिरी** 05 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रत्याशी श्यामविहारी जायसवाल का प्रेस वार्ता में मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए दिया वचन पत्र केंद्रीय गृह मंत्री के शपथ पत्र के बाचन के पश्चात अपने विधान सभा क्षेत्र के लिए 31 विकास कार्यों का शपथ पत्र लिखित दिया, जो प्रमुख उल्लेखित है। क्षेत्र के स्थायित्व के लिए अति-महत्वपूर्ण नागपुर हाल्ट से चिरमिरी पाराडोल रेल मार्ग के कार्य को 6 माह के अंदर प्रारंभ करवाना एवं चिरमिरी में सुसज्जित रेलवे स्टेषन प्रदान किया जायेगा। सड़क चौड़ीकरण, बरवाडीह रेल मार्ग, रानी अटारी अंडर ग्राउंड, खदान का विस्तार आदि कार्यों के लिए शपथ पत्र को जनता की अदालत में सार्वजनिक किया है।

## शराब भट्ठी के पास जुआ खेल रहे 9 पकड़ाये

**रायगढ़** 05 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली के नजदीक आते ही 52 पत्ती ताश से जुआ खेलने वालों की सक्रियता को देखते हुए एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर रात्रि गस्त दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबीरों से सूचनाएं लेकर जुआ फड पर रेड कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बीती रात्रि गस्त दौरान थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा रामपुर शराब भट्ठी के सामने सड़क पर ताश पत्ती जुआ की सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर कोतवाली पुलिस टीम ने 9 जुआडियान - अवधेश वैष्णव पिता उत्तम वैष्णव 25 साल छूहीपाली थाना सारंगढ़ हाल मुकाम दर्रीडीपा रायगढ़, शिवकुमार बरेठ पिता रामेश्वर बरेठ 34 साल सुलोनी थाना सारंगढ़ हाल मुकाम दर्रीडीपा रायगढ़, जय किशन सिदार पिता अजीत सिदार 21 साल ग्राम सिंहा उमरिया थाना पुसौर रायगढ़ , आदिल मिर्जा पिता अहमद मिर्जा 22 साल निवासी चांदमारी रायगढ़, जिशान अली पिता असमल अली 23 साल गोवर्धनपुर रायगढ़, त्रिदेव चैहान पिता सुरेश चैहान 28 साल बड़े रामपुर रायगढ़ , अशोक चैहान पिता खुशीराम चैहान 26 साल इंदिरा नगर थाना कोतवाली रायगढ़, ओमप्रकाश पर पिता कृष्ण नाथ 35 साल तुरीपारा थाना कोतवाली रायगढ़ , सद्दाम हुसैन पिता हसन खान 35 साल चांदमारी रायगढ़ को पकड़ा गया है।

## अमेजन के डिलीवरी बॉय से मारपीट, दो गिरफ्तार

**रायगढ़** 05 नवंबर (देशबन्धु)। अमजन के डिलीवरी बाय से रूपये की मांग करते हुए मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए गैर जमानती धाराओं में रिमांड पर जेल भेज दिया है।



मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों शॉपिंग साइट अमेजन से खरीदी ग्राहकों के सामानों को डिलीवरी बॉय थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बावली कुंआ शीतला मंदिर के पास डिलीवरी करने गया था जिससे मोहल्ले के कुछ युवक जबरन रूपयों की मांग कर झगड़ा विवाद करते हुए उसके जेब से नगद 1500 और उसके पार्सल बैग में रखे ग्राहकों के खरीदी सामान 3 पैकेट ( 2 मोबाइल पैकेट, 1 जूता पैकेट) को छीन कर डिलीवरी बॉय को मारने पीटने की धमकी देकर मोहल्ले से भगा दिए।

घटना को लेकर पीड़ित डिलीवरी बॉय प्रभात पटेल (21 साल) निवासी मधुबन मोदीपारा रायगढ़ द्वारा 2 नवंबर को थाना कोतवाली रायगढ़ में लिखित आवेदन देकर बताया कि 02 नवंबर के दोपहर बावली कुआं शीतला मंदिर के पास 3-4 लड़कों द्वारा जबरन रूपयों की मांग कर मोटरसाइकिल के वाइजर को तोड़ने लगे जिन्हें मना करने पर वे एक साथ मिलकर गाली, गलौज मारपीट करने लगे और जेब से नगद 1500 और उसके पार्सल बैग में रखे ग्राहकों के खरीदी सामान 3 पैकेट को लूटकर भाग गये। पीड़ित के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में मारपीट, लूट का अपराध आरोपियों के विरुद्ध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

वर्तमान में प्रभावशील आचार संहिता दौरान घटित घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर तत्काल अपने स्टाफ को आरोपियों की पतासाजी में लगाया गया, पुलिस आरोपियों के सकुनत बावली कुंआ में दबिश दिया गया, आरोपियों के घटना के बाद से मोहल्ले से फरार होने की जानकारी मिली।

आरोपी सोनू सिदार से मिली जानकारी पर अन्य आरोपियों के सकुनत पर छापेमारी किया गया जिसमें आरोपी तरंग सेंदरिया को गिरफ्त में आया। दोनों आरोपियों ने घटना दिनांक को डिलीवरी बॉय से लूटपाट के 1500 को दोनों आपस में बांट लेना बताये। आरोपियों के कब्जे से 700- 700 नगद और घटना में प्रयुक्त एक ईट का टुकड़ा वजह सबूत जप्त किया गया है।

## विवेकानंद महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों का जिला स्तरीय आयोजन संपन्न

**मनेन्द्रगढ़** 5 नवंबर (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, जिला निर्वाचन अधिकारी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी -भरतपुर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई के संयोजन में शासकीय विवेकानन्द स्नाकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में जिला स्तरीय स्वीप जन-जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत भाषण,तत्कालिक भाषण, रंगोली, मेंहदी, पोस्टर, नारा लेखन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ। आयोजित प्रतियोगिताओं में जिले के समस्त महाविद्यालय क्रमश: शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी, शासकीय माँ महामाया महाविद्यालय खड़गंवा, डॉ.आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बेलबहरा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दिखाते हुए क्रमश: प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय मिश्रा ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. विश्नोई ने प्रभावशाली एवं प्रेरक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सभागिता करने वाले विद्यार्थियों, प्राध्यापको, अतिथि व्याख्याताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए




कहा कि आयोजित समस्त गतिविधियां मतदान के प्रतिशत को बढाने में तथा पाठ्येतर गतिविधियों के रूप में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाएगी। जागरूकता कार्यक्रम में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किशन सारथी, द्वितीय स्थान शिवम् मिश्रा, दोनो ही शासकीय विवेकानन्द स्नाकोत्तर महाविद्यालय मनेनद्रगढ़ एवं तृतीय स्थान इरशाद अली, डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ ने प्राप्त किया। तत्कालिक भाषण में प्रथम स्थान शिवम् मिश्रा, शासकीय विवेकानन्द स्नाकोत्तर महाविद्यालय मनेनद्रगढ़ द्वितीय स्थान इरशाद अली, डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ एवं तृतीय स्थान किशन सारथी शासकीय विवेकानन्द स्नाकोत्तर महाविद्यालय मनेनद्रगढ़ ने प्राप्त किया। नारा लेखन में प्रथम स्थान शिव शंकर सिंह, डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ द्वितीय स्थान निशा पुरी लाहिड़ी कॉलेज चिरमिरी, एवं तृतीय स्थान दिलसाय महेश, डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ ने प्राप्त किया।

इसी क्रम में मेंहदी प्रतियोगिता में साक्षी गुप्ता, डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं द्वितीय गजल सोनी, शासकीय विवेकानन्द पी.जी. महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, तृतीय स्थान मनीषा गुप्ता, डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सनोज, लाहिड़ी कॉलेज चिरमिरी, द्वितीय स्थान विरेन्द्र कुमार ,डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ, एवं तृतीय स्थान शीतल पाण्डेय, डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, ने प्राप्त किया। निबंध लेखन में प्रथम स्थान आसमा साहू ,माँ महामाया कॉलेज खड़गंवा, द्वितीय स्थान कोमल साहू ,डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, एवं तृतीय स्थान अमृता लाहिड़ी कॉलेज चिरमिरी, ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीषा गुप्ता आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, द्वितीय स्थान संजना, माँ महामाया कॉलेज खड़गंवा, एवं तृतीय स्थान रामपति, डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, ने प्राप्त किया।

महाविद्यालय में आयोजित स्वीप संबंधी प्रतियोगिताओं के निर्णायक एवं आयोजन समिति के सदस्यगण डॉ. श्रावणी चक्रवर्ती, डॉ. रश्मि तिवारी, प्रभा राज, डॉ. अरूणिमा दत्ता, डॉ. नसीमा बेगम अंसारी, रंजीतमणी सतनामी, स्मृति अग्रवाल, अनुपा तिग्गा, कमलेश पटेल, सुशील छात्रे, विरेन्द्र कुमार, अंकित श्रीवास्तव, वर्षा तिवारी, तथा अतिथि व्याख्यातागण अवनीश गुप्ता, कु. अंकिता चटर्जी, रेखा सिंह, डॉ. रामजी गर्ग, शुभम् गोयल, पुष्पराज सिंह, डॉ. रिंकी तिवारी आदि ने अपनी अहम भूमिका निभाई। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी अनुपा तिग्गा, एवं स्मृति अग्रवाल, साधना बुनकर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य डॉ. विश्नोई ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सार-संक्षेप

### सिवनी में सनसनीखेज वारदात, दो सुरक्षा कर्मी की निर्मम हत्या



**जांजगीर,** 05 नवम्बर (देशबन्धु)। चाम्पा थाना क्षेत्र के सिवनी गांव की शराब दुकान की दो सुरक्षा कर्मी की हत्या की सनसनीखेज वारदात हुई है। पुलिस को जब घटना की सूचना मिली तो दलबल के साथ घटना स्थल पर चाम्पा एसडीओपी यदुमणि सिदार और थाना प्रभारी मनीष परिहार समेत पुलिस बल पहुंचे हैं। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी हुई है पुलिस ने फारेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाई है।

चांपा थाना क्षेत्र के सिवनी गांव की शराब दुकान की 2 गार्ड की हत्या की सनसनिखेज वारदात हुई है। घटना की सूचना के बाद चांपा एसडीओपी यदुमणि सिदार, टीआई मनीष परिहार सहित पुलिस बल के साथ पहुंचे। मौके पर ग्रामीणों के भीड़ जुटी हुई है। पुलिस ने एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाई है। शराब दुकान का ताला टूटा हुआ है इससे लूट की आशंका ताई जा रही है। हालांकि, यह पुलिस की जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा, लेकिन हत्या की बड़ी वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। दोनों मृतक गार्डो का नाम जयकुमार सूर्यवंशी और यदुनंदन पटेल बताया गया है, जो पिसौद और हथनेवरा गांव के रहने वाले है।

### मास्टर ट्रेनर ने कमीशनिंग दल को दिया प्रशिक्षण



**सारंगढ़** 5 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत मंडी परिसर सारंगढ़ के कमीशनिंग हाल में जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के मतदान केन्द्रों में उपयोग होने वाले ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीनों की कमीशनिंग कार्य के लिए मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी और एस.आर. अजय ने कमिशनिंग दल को मशीनों के उपयोग और सीलिंग के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा और डॉ. स्निग्धा तिवारी उपस्थित थीं।

### रायपुर के विमानन तल पर सुनील रामदास ने किया योगी आदित्य नाथ का स्वागत

**रायगढ़** 05 नवंबर (देशबन्धु)। रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन व भाजपा नेता सुनील रामदास ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का स्वागत रायपुर के विमानन तल पर किया।

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ प्रदेश में चल रहे विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार के लिए आज रायपुर पहुंचे। ज्ञात हो कि योगी आदित्य नाथ अंतागण में एक चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए रायपुर पहुंचे थे। इसी तारतम्य में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनका विमानन तल पर स्वागत किया। जिसमें रायगढ़ से सुनील रामदास ने उनका स्वागत किया और विमानन तल पर कुछ समय तक उन्होंने योगी आदित्य नाथ से बातचीत की।

### युवा मतदाता हैं लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति : कुलपति बलदेव शर्मा

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। अग्रसेन महाविद्यालय, पुरानी बस्ती में पत्रकारिता विभाग, आई.क्यू.ए.सी. तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आज महाविद्यालय के सभागार में युवा मतदाता और लोकतंत्र विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेवभाई शर्मा मुख्य अतिथि रहे. वहीँ, राज्य के पूर्व चुनाव आयुक्त डॉ सुशील त्रिवेदी (रिटायर्ड आई.ए.एस.) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की.. विशेष अतिथि के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ शैलेन्द्र पटेल आमंत्रित थे. साथ ही स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी डॉ चुन्नीलाल शर्मा ने अतिथि वक्ता के रूप में मतदान के महत्व पर जानकारी दी. संगोष्ठी में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि भारत में लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवा मतदाता ही सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं. इसलिए युवा मतदाता ही लोकतंत्र की प्रमुख शक्ति हैं. इस कार्यक्रम में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रोनिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नरेंद्र त्रिपाठी भी विशेष रूप से उपस्थित थे. आज संगोष्ठी के पश्चात पत्रकारिता विभाग, महाविद्यालय के समस्त विभाग के विद्यार्थियों ने एन.एस.एस. केडेटों के साथ मतदाता जागरूकता का सन्देश देने के लिए एक रैली भी निकाली.संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेवभाई शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सर्वश्रेष्ठ चयन पर आधारित होती है. प्रो शर्मा ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं का उद्देश्य काल पढ़ाई लिखाही ही नहीं है, बल्कि छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाना भी इनका प्रमुख उद्देश्य है. उन्होंने इस अहम विषय पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए महाविद्यालय की विशेष रूप से सराहना की. राज्य के पूर्व चुनाव आयुक्त डॉ सुशील त्रिवेदी (रिटायर्ड आई.ए.एस.) ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर के कथन को दोहराते हुए बताया कि- डॉ आंबेडकर ने यह चिंता जताई थी कि यदि लोकतंत्र में चुने हुए लोग निष्ठावान और ईमानदार नहीं हुए तो संविधान की भावना भी प्रभावित हो जायेगी. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ शैलेन्द्र पटेल ने कहा कि आजादी के बाद से साक्षरता तो पचास प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गई है. लेकिन मतदान केवल पंद्रह प्रतिशत ही बढ़ सका है. इसलिए मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम जरुरी हैं. देश के मतदाता जैसे-जैसे जागरूक होते जायेंगे, यह लक्ष्य आसान होता जायेगा. स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी डॉ चुन्नीलाल शर्मा ने कहा कि इस बार सी-विजिल, सक्षम और नो-योर-केंडीडेट जैसे मोबाइल एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति चुनाव के लिए दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं को प्राप्त कर सकता है. उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान के माध्यम से चुनाव आयोग ने युवा मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने के लिए जिस तरह से प्रेरित किया गया है, उसी का नतीजा है कि लगातार मतदान का प्रतिशत बढ़ रहा है.

# भाजपा कम मार्जिन तो कॉंग्रेस अधिक मतों से जीतते आई

## जांजगीर चाम्पा विधानसभा में मतदाता हर 5 साल में बदल देती है जनादेश.. पिछले 7 चुनावी से चली आ रही परम्परा




**जांजगीर,** 05 नवम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर चाम्पा विधानसभा सभा में पिछले 7 चुनाव में एक बार कॉंग्रेस तो एक बार भाजपा प्रत्याशी को जीत मिलती आई है। यहां दिलचस्प बात यह है कि मतदाता हर बार भाजपा को कम मतों के अंतर से जीत दिलाती है, तो कॉंग्रेस को दुगुनी या अधिक मत से जीताती रही है। यानि यहाँ की मतदाता हर 5 साल में अपना जनादेश बदल देती है। इस बार यह परम्परा दोहराया जायेगा या मिथक टूटेगा। यह तो चुनावी परिणाम ही बतलायेगा।

अभी चुनावी प्रचार- प्रसार पूरे शबाब पर है। दोनों ही प्रमुख दाल अपनी पूरी ताकत के साथ मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए हैं। इस बार यहां कांग्रेस ने चेहरा बदलते हुए ओबीसी वर्ग से ही व्यास कश्यप को प्रत्याशी बनाया है जबकि भाजपा ने पुराने चेहरे पर ही दांव लगाया है, ऐसे में जिला मुख्यालय को समाहित करने वाली जांजगीर-चांपा विधानसभा सीट में दिलचस्प मुकाबला हो रहा है। एक और जहां भाजपा प्रत्याशी नारायण प्रसाद चंदेल पिछले 7 विधानसभा चुनाव से चली आ रही मिथक को तोड़ने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं वहीं पिछली बार बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ चुके व्यास कश्यप को अपनी जीत का पूरा भरोसा है। फिलहाल मतदान के लिए लगभग डेढ़ सप्ताह ही शेष हैं।

जिला मुख्यालय को को समाहित करने वाली जांजगीर चांपा विधानसभा अविभाजित मध्य प्रदेश में तीन तथा छत्तीसगढ़ राज्य गठन उपरांत हुए चार विधानसभा चुनाव को मिलाकर 7 चुनावों में यहां की मतदाताओं ने हर 5 साल में जनादेश बदली है। यानि एक बार भाजपा तो एक बार कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदाताओं ने जनादेश दिया है। दिलचस्प तथ्य यह है कि इन सात विधानसभा चुनाव में जब भाजपा चुनाव जीतती है तो उसका मतों का अंतर कम होता है और जब कांग्रेस चुनाव जीतती है तो उसका अंतर दुगना अथवा अधिक होता आया है। अभिभाजित मध्य प्रदेश के समय में वर्ष 1990 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के बलिहार सिंह ने कांग्रेस के डॉक्टर चरणदास महंत को लगभग 1913 मतों से हराया था। वर्ष1993 हुए विधानसभा में कॉंग्रेस के डॉ चरणदास महंत ने भाजपा के बलिहार सिंह को 15 हजार 463 मतों के लंबे अंतराल से हराया। वर्ष 1998 में जहां दोनों पार्टियों ने नए प्रत्याशियों को मैदान में उतारा, जिनमें भाजपा के नारायण चंदेल ने कांग्रेस के मोतीलाल देवांगन को 6हजार 679 मतों से हराया। छत्तीसगढ़ राज्य गठन उपरांत वर्ष 2003 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मोतीलाल देवांगन ने अपने हार का बदला लेते हुए भाजपा के नारायण चंदेल को लगभग 7,710 मतों के अंतर हराया है। वर्ष 2008 में विधानसभा के नए परिसीमन के बाद हुए चुनाव में भाजपा के नारायण चंदेल व कांग्रेस के मोतीलाल देवांगन फिर आमने-सामने हुए,जिनमें कड़े मुकाबले में 1190 मतों से नारायण चंदेल ने मोतीलाल देवांगन को हराया। वर्ष 2013 में हुए विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों ने फिर से पुराने उम्मीदवार मैदान उतारा। कांग्रेस के प्रत्याशी मोतीलाल देवांगन ने पिछले हार का बदला लेते हुए भाजपा के नारायण चंदेल को लगभग 10 हजार 211 मतों के लंबे अंतराल से करारी शिकस्त दी। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में फिर से नारायण चंदेल व मोतीलाल देवांगन आमने-सामने हुए। एक बार फिर भाजपा के नारायण चंदेल ने कॉंग्रेस के मोतीलाल देवांगन को लगभग 4 हजार188 मतों से हराया। वर्ष 1998, 2008 2013 व 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा का वोट बैंक बढ़ा तो इसका खामियाजा कभी कॉंग्रेस तो कभी भाजपा को भुगतना पड़ा। इस बार के चुनाव में भाजपा ने जहां छठवीं बार मौजूदा विधायक नारायण चंदेल पर फिर दांव खेला है, तो कॉंग्रेस ने इस बार प्रत्याशी बदलते हुए पिछली बार बसपा प्रत्याशी रहे व्यास कश्यप को अपना प्रत्याशी बना दांव लगाया है। अब देखना होगा कि इस बार जनता का जनादेश क्या होगा। चूंकि यहाँ कई बार बसपा परिणाम को जरूर प्रभावित किया, भले ही वह एक बार भी नहीं जीती है। क्या इस बार बसपा, जनता कॉंग्रेस छत्तीसगढ़ व आप पार्टी, दोनों ही प्रमुख दलो के समीकरण को कितना प्रभावित कर पायेगी। बहरहाल हर 5 साल में यहाँ की मतदाताओं का जनादेश बदलने की परंपरा बनी रहेगी या फिर मतदाता इस मिथक को बदलेगी,यह तो चुनावी नतीजे के बाद स्पष्ट होगा। अभी तो केवल चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**रायगढ़** 05 नवंबर (देशबन्धु)। बीती रात मोबाईल का टार्च जलाकर कोरियादादर, टारपाली में मैदान में जुआ खेल रहे आधे दर्जन जुआरियों को चक्रधर नगर पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने इनके पास से नगदी रकम समेत ताशपत्ती बरामद किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर को कल मुखबिर से सूचना मिली कि कोरियादादर मैदान टारपाली के पास कुछ जुआरियान मोबाइल के टॉर्च जलाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा गस्त के लिए थाना आए स्टाफ की टीम बनाकर कोरियादादर रेड कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान की घेराबंदी कर 2 जुआ फड पर रेड कार्यवाही किया गया जिसमें 6 जुआरियान को मोबाइल की रोशनी पर ताश खेलते हुए पकड़ा गया है जिनके पास एवं फड से नगद 4,795 और 3 मोबाइल ओप्पो, एमआई और सैमसंग के जप्त किए गए हैं। जुआरियान पर थाना चक्रधरनगर में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई किया गया है।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का हुआ द्वितीय रेण्डमाईजेशन




**जांजगीर,** 05 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा के मतदान केन्द्रों में उपयोग होने वाले बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक जे गणेशन, डॉ किरण एच कुलकर्णी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया।

कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार मतदान केन्द्रों की संख्या एवं मशीनों के आवश्यकता की जानकारी दी। इस दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों का मतदान केन्द्रवार ऑनलाइन आबंटित किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आरओ के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन कर उसकी प्रति सौंपी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में उपलब्ध ईव्हीएम व वीवीपैट में से द्वितीय रेण्डमाइजेशन पश्चात विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा में 235 मतदान केन्द्रों में 235 बीयू एवं रिजर्व को मिलाकर कुल 305 बीयू यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट 305 एवं वीवीपैट 329 का आबंटित किया गया। इसी प्रकार विधानसभा क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा में 220 मतदान केन्द्रों में 440 बीयू एवं रिजर्व को मिलाकर कुल 572 बीयू यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट 286 एवं वीवीपैट 308 और विधानसभा क्रमांक 38 पामगढ़ में 214 मतदान केन्द्रों में 214 बीयू एवं रिजर्व को मिलाकर कुल 278 बीयू यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट 278 एवं वीवीपैट 299 का आबंटित किया गया है।इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस पी वैध,अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी,सर्व रिटर्निंग अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर एवं ईवीएम नोडल श्री संदीप ठाकुर उपस्थित रहे। द्वितीय रेंडमाइजेशन के उपरांत सर्व रिटर्निंग अधिकारी, ईवीएम नोडल श्री संदीप ठाकुर ने राजनैतिक दलों के साथ ईव्हीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का अवलोकन किया।

## 98 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 41,500 रु समन शुल्क

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही



**जांजगीर,** 05 नवम्बर (देशबन्धु)। मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कुल 98 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 41,500 रु समन शुल्क लिया गया। 4 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस को एक पिकप वाहन चालक द्वारा क्षमता से अधिक भार परिवहन करना पाए जाने से 12,000 का समन शुल्क लिया जाकर, वाहन चालक का लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जा रही हैं। जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 4 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना, क्षमता से अधिक भार वहन परिवहन करना अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 98 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 41,500 रू का समन शुल्क लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने अपने वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगाने एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा नही करने एवं मो. सायकल में तीन सवारी नही चलाने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने हेतु समझाईस दी जा रही है।

# पीठासीन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**जांजगीर चांपा** 05 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ श्री आर के खुंटे की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में युवा प्रबंधित मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान सामग्री ईव्हीएम, मतदाता सूची, सीलिंग एवं अन्य सामग्री जैसे कि मतदाता रजिस्टर, मतदाता पंजी, एड्रेस टैग, अमिट स्याही, मॉक पोल आदि के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को मतदान पूर्व की तैयारियां, ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट को सील करना, मतदान प्रारंभ करना, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, अमिट स्याही लगाना, मतदाता के हस्ताक्षर जैसी प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने बताया कि व्हीव्हीपेट, कंट्रोल एवं ईव्हीएम के सभी तार स्पष्ट रूप से दिखने चाहिए इसमें पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 के कर्तव्यों के बारे में भी प्रकाश डाला गया।

## शहरी व ग्रामीण पथ विक्रेताओं को किया गया व्यवस्थित

### घड़ी चैक,गांधी प्रतिमा,निगम के सामने, पुराना शनि मंदिर में व्यवसायियों को व्यवस्थित कर दी गई समझाइस



**रायगढ़** 05 नवंबर (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर कार्तिकेय गोयल के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशानुसार निगम के राजस्व निरीक्षक श्री लकड़ा और एवंएमयूएलएम टीम के द्वारा शहर के अंदर सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले तथा त्योहारी सीजन पर दुकान लगाने वाले शहरी और ग्रामीण पथ विक्रेताओं को व्यवस्थित करने विशेष मुहिम चलाई गई ताकि यातायात बाधित न हो और आवागमन तथा खरीददारी में सुविधा हो सके।

दीपावली त्यौहार के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शहर के घड़ी चैक,गांधी प्रतिमा,निगम के सामने,पुराना शनि मंदिर के पास के वेंडर,पथ विक्रेता एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए नए वेंडरो को व्यवस्थित किया गया ,वही निगम की राजस्व टीम और एमयूएलएम ने समझाइस देते हुए समस्त दिया बाती वालो को नटवर स्कूल मैदान तथा सभी फल वालो को सेवाकुंज मार्ग में लगाए जाने हेतु कही। निगम आयुक्त श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि यातायात बाधित स्थलों से शहरी एवं ग्रामीण पथ विक्रेताओं को त्योहारी सीजन को देखते हुए ब्यवस्थित कराए जाने समझाइस दी जा रही है आज घड़ी चैक,गांधी प्रतिमा,निगम के सामने,पुराना शनि मंदिर के क्षेत्रों में व्यवसायियों को ब्यवस्थित कराया गया।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

### दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को न हो कोई परेशानी इसका रखे विशेष ख्याल

### एकताल में बने चेकपोस्ट का किया निरीक्षण, संधारित पंजी का अवलोकन कर

### एसएसटी टीम से कड़ी निगरानी के दिए निर्देश



**रायगढ़,** 05 नवम्बर (देशबन्धु)। आईएएस एवं सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक ने विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ शहर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और सभी केन्द्रों में आवश्यक मूलभुत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर एवं वॉलिंटियर्स की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक ने रायगढ़ विधानसभा के मतदान केन्द्र क्रमांक 26, 51, 52 एवं 53 शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक 75, 76, 81 जिला आयुर्वेद अस्पताल रायगढ़ तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 110, 111, 112, 113 संगवारी मतदान केन्द्र जतन का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मतदाताओं के आने-जाने के रास्ते, दिव्यांग हेतु रैंप सुविधा, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में बने शौचालयों में स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक ने बीएलओ से चर्चा करते हुए स्वीप गतिविधियों का आयोजन करने एवं मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु कहा।

सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक ने पालूराम धनानिया कॉमर्स कालेज में मतदान दलों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मतदान दल के प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन से जुड़े प्रश्न पूछकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। यहां उन्होंने स्वयं ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का कनेक्ट करके दिखाया और प्रशिक्षणार्थियों को भी कनेक्ट कर मशीन चालन का अच्छे से अभ्यास करने के निर्देश दिए ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक प्राथमिक शाला एकताल पहुंची। यहां उन्होंने मतदान केन्द्र में बने उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे सभी छात्रों को संबोधित करते हुए अपने अभिभावकों से अधिक से अधिक मतदान में भाग लेने के लिए कहा।

सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक ने एकताल में बने चेकपोस्ट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां के दल प्रभारी एवं सुरक्षा अधिकारी को कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। यहां उन्होंने एसएसटी टीम से चेक पोस्ट पर सभी वाहनों को रूकवाकर जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेक पोस्ट पर तैनात टीमों को सजग एवं सर्तक रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने चेक पोस्ट में संधारित पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# देश

उवाच “

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी द्वारा उम्मीदवार उतारे जाने से न तो मध्य प्रदेश के चुनाव नतीजों पर कोई असर पड़ेगा और ना ही इण्डी अलायंस पर कोई असर होगा, क्योंकि इण्डी अलायंस लोकसभा चुनावों के लिए बनाया गया है। –दिग्विजय सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31° | 19° |
| मुंबई | 28° | 27° |
| कोलकाता | 28° | 22° |
| चेन्नई | 28° | 27° |

# मध्य प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस ने 74 बागी नेताओं को पार्टी से निकाला

**भोपाल,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों के लिए बागी मुसीबत बन गए हैं। इन बागियों का असर चुनावी नतीजे पर पड़ने की आशंका दोनों दलों को सता रही है। दोनों ही राजनीतिक दलों ने अब इन बागियों को बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया है।

राज्य की 230 विधानसभा सीटों पर 17 नवम्बर को मतदान होने वाला है और चुनाव प्रचार अभियान जोरों पर है। नाम वापसी की तारीख निकल चुकी है और उसके बाद भी बड़ी संख्या में बागी मैदान में हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राजनीतिक दल ऐसे हैं जिनके लिए लगभग 50 सीटों पर बागी या भीतरघाती मुसीबत का कारण बने हुए हैं। दोनों राजनीतिक दल पहले तो इन्हें मनाने में जुटे रहे और जब वे नहीं माने तो पार्टी ने निष्कासन का रास्ता चुना है। दोनों ही राजनीतिक दलों द्वारा अपने बागी और भीतरघातियों पर की गई कार्रवाई पर गौर करें तो एक बात साफ हो



■ सभी छह साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से किए गए निष्कासित

जाती है कि दोनों ही राजनीतिक दल परेशान हैं और यह बागी उनकी जीत के रास्ते में रोडा बन सकते हैं।

कांग्रेस ने 39 नेताओं को छह साल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस द्वारा जारी हुई अधिकृत प्रत्याशियों की सूचियों के बाद से एकाएक दर्जनों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी से बगावत कर दी और दूसरी पार्टियों में शामिल हो गए। लेकिन पार्टी से उन तमाम लोगों को निकाला गया है जो चुनावी मैदान में निर्दलीय खड़े होकर पार्टी के लिए मुसीबतें पैदा करते नजर आ रहे हैं। भाजपा ने बड़वारा विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ रही गीता पटेल सहित मुड़वारा की ज्योति दीक्षित और संतोष शुक्ला को भारतीय जनता पार्टी से निकाल दिया। वहीं, कांग्रेस ने भी मुड़वारा से संतोष शुक्ला और बहोरीबंद से शंकर महतो को पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है।

वहीं श्योपुर से बिहारी सिंह सोलंकी, मुरैना से राकेश सिंह गुर्जर, राजनगर से घासीराम पटेल, मलहरा से करन लोधी, निवाड़ी नंदराम कुशवाह, दमोह से शिवचरण पटेल, गुनौर से अनीता बागरी, चित्रकूट से सुभाष शर्मा डॉली, सतना से रत्नाकर चतुर्वेदी, रैगांव से रानी बागरी, सिंगरौली से चंद्रपताप विश्वकर्मा, जयसिंह नगर से फूलवती, अनूपपुर से छोटे सिंह, मुड़वारा से ज्योति दीक्षित, बड़वारा से गीता सिंह, मुड़वारा से संतोष शुक्ला, सौंसर से प्रदीप ठाकरे, होशंगाबाद से भगवती चौरे, हरदा से सुरेंद्र जैन, मांधाता से शिवेंद्र तोमर, नेपानगर से रतिलाल चिल्हात्रे, अलीराजपुर से सुरेंद्र ठकराल, जोबट से माधव सिंह डाबर, देपालपुर से राजेंद्र चौधरी, सुसनेर से संतोष जोशी, महीदपुर से प्रताप आर्य, बड़नगर से कुलदीप बना ओर जावद से सुराना बाई पर भी कार्रवाई हुई है।

## भाजपा ने 35 नेताओं को दिखवाया बाहर का रास्ता

भाजपा ने 35 नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया। सभी छह साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किए गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्य के विधानसभा चुनाव कड़ी टक्कर वाले हैं और कई नेताओं को लगता है कि इस बार के चुनाव उनकी राजनीतिक हैसियत को बदल सकते हैं। यही कारण रहा कि पहले उन्होंने अपने-अपने दलों से उम्मीदवार बनने की कोशिश की और जब असफल रहे तो उन्होंने सपा, बसपा, आम आदमी पार्टी से टिकट पा लिया। इतना ही नहीं, कई ऐसे नेता है जिन्होंने दूसरे दल का दामन थामने के बजाय निर्दलीय चुनाव मैदान में जोर लगाया है।

## माकपा ने तेलंगाना में 14 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**हैदराबाद,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। सीपीआई (एम) ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी के राज्य सचिव टी. वीरभद्रम ने रविवार को 14 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।



वीरभद्रम खुद पलेयर से चुनाव लड़ेंगे। करम पुलैया भद्राचलम (एसटी) से, पित्तला अर्जुन असवाराओपेट (एसटी) से, पलाडुगु भास्कर मधिरा (एससी) से, भुक्या वीरभद्रम वायरा (एसटी) से, येरा श्रीकांत खम्मम से और माचरला भारती सथुपल्ली (एससी) से चुनाव लड़ेंगे। सभी सात सीटें अविभाजित खम्मम जिले में हैं। सीपीआई (एम) ने मिर्यालगुडा, नकिरेकल (एससी), भुवनागिरी, जनागम, इब्राहिमपटनम, पाटनचेरु और मुशीराबाद से भी उम्मीदवार उतारे हैं।

कांग्रेस द्वारा दो सीटों की मांग का जवाब देने में विफल रहने के बाद मार्क्सवादी पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया। उसने ऐलान किया कि वह 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने कांग्रेस के लिए वायरा और मिर्यालागुडा सीटों की मांग को स्वीकार करने के लिए 2 नवंबर की समय सीमा तय की थी। पार्टी ने मूल रूप से भद्राचलम और पलेयर की मांग की थी।

# छत्तीसगढ़ में मोदी ने चुनाव आचार संहिता का किया उल्लंघन : गोखले

**अहमदाबाद,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद संकेत गोखले ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में अपनी हालिया चुनावी रैली के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन किया है। इसे साझा करने के लिए उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया का सहारा लिया। गोखले का दावा है कि पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान, अगले पांच वर्षों के लिए सरकार की मुफ्त राशन योजना के विस्तार की अनुचित घोषणा की। उनके अनुसार यह घोषणा चुनाव अवधि के बाहर की जा सकती थी। उनका तर्क है कि भाजपा के लिए चल रहे अभियान के बीच में की गई नीति घोषणा का यह समय मतदाताओं को प्रभावित करने का एक अनुचित प्रयास है।



■ संकेत गोखले ने भारतीय चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई

ईसीआई को लिखे पत्र में, गोखले ने इस बात पर प्रकाश डाला कि चुनाव अवधि के दौरान एक मंत्री की ऐसी घोषणा चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन करती है, जो राज्य की शक्ति का लाभ उठाकर मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव को रोकने के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि घोषणा न तो तत्काल थी और न ही समय के प्रति संवेदनशील थी और यह भाजपा की चुनावी संभावनाओं को लाभ पहुंचाने के लिए की गई थी, न कि प्रधानमंत्री की तटस्थ नीति घोषणा के रूप में। पत्र में, उन्होंने लिखा, यह आपके तत्काल संज्ञान में राज्य विधानसभा के आम चुनावों के लिए छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के गंभीर उल्लंघन का मामला लाने के लिए है। शनिवार 4 तारीख को नवम्बर, 2023, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक चुनावी रैली में भाषण दिया। रैली में अपने भाषण के दौरान, प्रधान मंत्री ने घोषणा की कि भारत सरकार की मुफ्त राशन योजना को अगले 5 वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। यह घोषणा एक नीतिगत निर्णय है, जिसे आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले या विधानसभा चुनावों के बाद किया जा सकता था। इस नीति घोषणा के बारे में ऐसा कुछ भी जरूरी या समय-संवेदनशील नहीं है कि इसे मौजूदा अवधि के दौरान किए जाने की आवश्यकता हो। इसके अलावा, यह घोषणा एक चुनावी रैली के दौरान की गई थी, जहां प्रधानमंत्री आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी भाजपा के लिए प्रचार कर रहे थे। यह भाजपा के लिए एक स्टार प्रचारक के रूप में उनकी क्षमता में किया गया था, न कि भारत के प्रधानमंत्री के रूप में। इसलिए, प्रधानमंत्री की यह कार्रवाई आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लागू आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट और घोर उल्लंघन है। घोषणा का समय और चरण यानी भाजपा की चुनावी रैली में स्पष्ट रूप से इससे पता चलता है कि यह सत्ताधारी पार्टी द्वारा चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने और समान अवसर के विचार को विफल करने का एक प्रयास है।

## सार संक्षेप

### हैदराबाद में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे मोदी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 और 11 नवम्बर को चुनावी राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में दो सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करने वाले हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और ओबीसी मोर्चा के अखिल भारतीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण ने यह जानकारी दी। पहली सभा बीसी आत्म गौरव सभा, एलबी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जबकि दूसरी 11 नवम्बर को परेड ग्राउंड में एक सार्वजनिक सभा होगी, जो मैडिगा समुदाय द्वारा उठाए गए वर्गीकरण मुद्दे पर केंद्रित होगी। बीसी आत्म गौरव सभा का उद्देश्य गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान की पुष्टि करना है कि तेलंगाना में भाजपा के सत्ता में आने के बाद एक बीसी को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

### मिजोरम में मजबूती से चुनाव लड़ेगी पार्टी : अनिल

**नई दिल्ली।** मिजोरम चुनाव पर भाजपा नेता अनिल एंटनी ने कहा कि भाजपा यहां 23 सीटों पर लड़ रही है और हमें पूरा भरोसा है कि हम मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने दावा कि हम यहां जिन सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, उनमें से ज्यादातर पर जीत हासिल करेंगे। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि यह मिजोरम राज्य में हमारा अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन होगा।

### तेलंगाना में कांग्रेस ने की क्लस्टर प्रभारी की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए क्लस्टर प्रभारी और विधानसभा क्षेत्र पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। पड़ोसी राज्य कर्नाटक के कांग्रेस के कई वरिष्ठ मंत्रियों और नेताओं को विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी की चुनावी गतिविधियों की देखभाल के लिए क्लस्टर प्रभारी के रूप में नामित किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा क्लस्टर प्रभारी के रूप में नियुक्त किए गए 1 नेताओं में दिनेश गुंडू राव, प्रियांक खरगे, एमसी सुधाकर, केएच मुनियप्पा, कृष्णा बायरे गौड़ा और बीजेड जमीर अहमद खान शामिल हैं। साथ ही पार्टी ने तेलंगाना की 48 विधानसभा सीटों के लिए निर्वाचन क्षेत्र पर्यवेक्षकों को भी नामित किया गया। तेलंगाना में 3 नवम्बर को मतदान होगा और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

### लोकसभा चुनाव लड़ने का हूं इच्छुक : नौशाद सिद्दीकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) के एकमात्र प्रतिनिधि नौशाद सिद्दीकी ने कहा है कि वह डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र से 224 का लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। इस सीट से तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी मौजूदा सांसद हैं।

## युवाओं से कमलनाथ का वादा

# सत्ता में आने पर सरकारी भर्ती कानून बनाएंगे

**भोपाल,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने युवाओं से वादा किया है कि कांग्रेस सत्ता में आते ही खुशहाल युवा, खुशहाल मध्य प्रदेश पर काम करते हुए सरकारी भर्ती कानून अमल में लाएगी।



कमलनाथ ने एक्स पर लिखा है, खुशहाल युवा, खुशहाल मध्यप्रदेश का लक्ष्य पाने के लिए मैं वचनबद्ध हूं। कांग्रेस सरकार युवाओं की मांग के अनुसार मध्य प्रदेश में 'सरकारी भर्ती का कानून' बनाएंगी।

प्रदेश की भर्ती परीक्षाओं में हुए 'घोटालों की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच' कराएगी। इसके लिए भर्ती जांच आयोग बनाएंगे। उन्होंने कहा, घोटाला कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को कठोर दंड सुनिश्चित करेंगे। युवाओं को न्याय मिलकर रहेगा। उन्होंने युवाओं से वादा किया है कि सरकार के दो लाख रिक्त पदों की भर्ती का वार्षिक कैलेंडर जारी करेंगे। ग्राम स्तर के नए एक लाख पद बनाकर नौकरी देंगे। भर्ती परीक्षाओं के शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट देंगे। युवाओं के लिए 1000 करोड़ रुपए का स्टार्ट अप फंड बनाएंगे। 5 लाख करोड़ का वास्तविक निवेश धरातल पर लाएंगे और 1000 नई औद्योगिक इकाइयां और एक लाख एमएसएमई प्रारंभ कराएंगे। स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों में वेतन अंशदान सरकार देगी।

# वसुंधरा ने आलाकमान के संकेतों को किया नजरअंदाज

**नई दिल्ली,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। भाजपा आलाकमान द्वारा राजस्थान विधानसभा चुनाव में स्पष्ट संकेत मिलने के बावजूद वसुंधरा राजे सिंधिया राजनीतिक मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। पार्टी आलाकमान ने भले ही वसुंधरा राजे की जिद के बावजूद उन्हें मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार या चुनाव प्रचार समिति का मुखिया घोषित नहीं किया हो, लेकिन राजस्थान की राजनीति की चतुर खिलाड़ी वसुंधरा राजे अभी भी मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। वसुंधरा राजे सिंधिया ने आलाकमान के राजनीतिक मूड और राज्य स्तर के नेताओं की तैयारियों को देखते हुए ग्राउंड जीरो पर फोकस किया और लगातार पांचवी बार न केवल झालरापाटन विधान सभा क्षेत्र से अपना टिकट सुनिश्चित किया बल्कि अपने ज्यादा से ज्यादा समर्थकों को टिकट मिले, इस बात को भी सुनिश्चित करने का पुरजोर प्रयास किया। पार्टी के एक नेता ने बताया कि चाहे चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के घर पर राजस्थान भाजपा कोर कमेटी के नेताओं की बैठक हो या पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर बैठ, या फिर पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो, वसुंधरा राजे हर बैठक में अपने समर्थकों को जीतने वाला उम्मीदवार बताते हुए उनकी जोरदार पैरवी करती नजर आई। कई बार इसके लिए वसुंधरा राजे सिंधिया को बैठक के अंदर अन्य नेताओं के साथ जोरदार बहस भी करनी पड़ी। वसुंधरा की वर्किंग स्टाइल को जानने वालों नेताओं के लिए यह किसी अचंभे से कम नहीं था। भाजपा राजस्थान के लिए अब तक 184 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है और पार्टी उम्मीदवारों की यह चारों लिस्ट अपने आप में बताती है कि वसुंधरा राजे सिंधिया ने पहली लड़ाई जीत ली है। वहीं दूसरी तरफ , वसुंधरा के करीबी और राजस्थान में भाजपा के एकमात्र मुस्लिम चेहरे यूनुस खान ने टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर भाजपा छोड़ने और निर्दलीय लड़ने का ऐलान कर भाजपा आलाकमान को जोरदार झटका दिया है। अगर राजस्थान में किसी को बहुमत नहीं मिला, तो निर्दलीय विधायक सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और यूनुस खान जैसे भाजपा के कई बागी ऐसे हालात में वसुंधरा राजे का ही साथ देंग



कदम पीछे खींचने से किया इनकार

## 184 घोषित उम्मीदवारों में से 52 वसुंधरा के समर्थक

वसुंधरा राजे सिंधिया भले ही पुरजोर पैरवी के बावजूद कैलाश मेघवाल, राजपाल सिंह शेखावत, अशोक परनामी और यूनुस खान जैसे एक दर्जन से ज्यादा करीबियों को टिकट दिलवाने में कामयाब नहीं हो पाई हो, लेकिन अपनी जोरदार पैरवी से कालीचरण सराफ, वासुदेव देवनानी, अनिता भदेल, पुष्पेंद्र सिंह राणावत, जगसीराम कोली, प्रतापलाल गमेती, गोपीचंद मीणा, अशोक डोगरा, प्रताप सिंह सिंघवी, सिद्धी कुमारी, सुरेंद्र सिंह राठौड़ और दीप्ति माहेश्वरी सहित अपने 52 के लगभग समर्थकों को टिकट दिलवाने में कामयाब हो गई। 184 घोषित उम्मीदवारों में से 52 वसुंधरा राजे सिंधिया के समर्थक हैं। हालांकि राजस्थान भाजपा के एक दिग्गज नेता की मानें तो बाकी उम्मीदवारों में से भी 15-20 उम्मीदवार ऐसे हैं जो किसी पाले में नहीं हैं लेकिन उन्हें भी चुनाव जीतने के लिए वसुंधरा राजे की मदद की दरकार है। बाकी बची 16 सीटों पर भी वसुंधरा राजे अपने एक दर्जन के लगभग करीबियों को टिकट दिलवाने की जोरदार पैरवी कर रही हैं। समर्थकों को टिकट दिलवाने के मामले में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और लोक सभा अध्यक्ष एवं सांसद ओम बिरला यहां तक कि प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को भी काफी पीछे छोड़ दिया है।

# कोठागुडेम बन जाएगा स्वर्ण मुकुट : केसीआर

**कोठागुडेम,** नवम्बर (देशबन्धु)। बीआरएस प्रमुख और मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने रविवार को आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस की ओर से वनमा वेंकटेश्वर राव उम्मीदवार हैं, इन्हें भारी बहुमत से जिताएं। वे अच्छे इंसान हैं। केसीआर का चेहरा देखकर वनामा को वोट दें। तेलंगाना लाने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं यह बात आशा भरे दिल से कह रहा हूं कि संपूर्ण तेलंगाना समाज बेहतर होगा।

■ चुनावी सभा में की बीआरएस के पक्ष में वोट देने की अपील

बीआरएस और केसीआर तेलंगाना समाज के लिए हैं, जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग एक साथ आगे बढ़ेंगे। यदि सीतारमा परियोजना पूरी हो गई तो हमें सूखे का सामना नहीं करना पड़ेगा। कोठागुडेम स्वर्ण मुकुट बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरेनी का 134 वर्ष पुराना इतिहास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना के अस्तित्व में आने से पहले 6400 नौकरियां दी गई। तेलंगाना स्थापना के साढ़े नौ साल बाद 19463 नई नौकरियां दी गई है। कांग्रेस यूनियन, सीपीएम और सीपीआई यूनियनों ने आश्रित नौकरियों को नष्ट कर दिया है। हम



आए तो 15256 लोगों को आश्रितों को नौकरी दी। पहले मजदूर मरते थे तो एक लाख रुपये देते थे और हाथ जोड़ लेते थे। आज हमने दस लाख रुपए दिए हैं। आश्रित के नौकरी नहीं लेने पर हम 25 लाख रुपए दे रहे हैं। हम मकान के लिए 10 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण दे रहे हैं। कांग्रेस 50 साल तक सशक्त रही।

बीआरएस का कार्यकाल दस वर्ष का है, फिर भी, विकास देखने लायक है। यह अंतर अवश्य नोट करें। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि जब तेलंगाना आया तो क्या स्थिति थी, आप जानते हैं। बिजली पैदा करने वाले कोठागुडेम में बिजली कटौती होती थी, ताजा पानी नहीं था। यदाद्रि पावर प्लांट पूरा हुआ तो चार हजार मेगावाट बिजली क्षमता बढ़ेगी। कोट्टागुडेम में मेडिकल कॉलेज खुला है। किडनी फेल होने पर यहां डायलिसिस केंद्र स्थापित किए गए हैं। 16761 एकड़ बंजर भूमि का स्वामित्व दिया गया है, इससे 4500 परिवारों को लाभ हुआ है। हमने आदिवासियों के खिलाफ मामले हटा दिए हैं।

## कांग्रेसियों के कारण सिंगरेनी में केंद्र को 49 फीसदी हिस्सेदारी मिली

केसीआर ने कहा कि सिंगरेनी 100 प्रतिशत हमारी थी। लेकिन कांग्रेस के अयोग्य महारथियों ने केंद्र सरकार से कर्ज लिया और 40 साल तक नहीं चुकाया। इससे केंद्र को 49 फीसदी हिस्सेदारी मिल गई, अन्यथा हमारी खदानें हमारे पास ही थी। ये निजाम की खदानें हैं। इससे नुकसान हुआ है, ऋण के कारण बंधा हुआ है। सिंगरेनी की चाल बदल गई है। कांग्रेस प्रशासन के तहत सिंगरेनी हार जाती। तेलंगाना आते ही हमने तीन प्रतिशत तेलंगाना इंक्रीमेंट दिया। कांग्रेस शासनकाल में कंपनी का टर्नओवर महज ग्यारह हजार करोड़ रुपए था, अब हमने इसे 33 हजार करोड़ में तक लाया है। सिंगरेनी के मात्र 419 करोड़ रुपए के मुनाफे को अब 2184 करोड़ तक ले आए हैं।

# छत्तीसगढ़ में जोगी परिवार के सामने विरासत बचाने की चुनौती

**रायपुर,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी के परिवार के सामने इस बार के चुनाव में विरासत को बचाने की चुनौती है। इस परिवार के तीन सदस्य छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। संभवतः इस चुनाव में यह इकलौता ऐसा परिवार होगा जिसके तीन सदस्य सियासी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश से अलग होने के बाद वर्ष 2000 में अस्तित्व में आया था और कांग्रेस के विधायकों की संख्या ज्यादा होने पर अजीत जोगी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। बाद में अजीत जोगी की कांग्रेस से दूरियां बढ़ी और उन्होंने छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस का गठन किया। अब अजीत जोगी तो नहीं हैं मगर उनके परिवार के सदस्य उनकी सियासी विरासत को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। राज्य की 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में सात और 17 नवम्बर को मतदान होना है। इन चुनाव में जनता कांग्रेस के तीन सदस्य अमित जोगी पाटन से, रेणु जोगी कोटा से और ऋचा जोगी अकलतरा से किस्मत आजमा रहे हैं।



■ अमित जोगी पाटन से, रेणु जोगी कोटा से व ऋचा जोगी अकलतरा से आजमा रहे किस्मत

राज्य की सियासत पर गौर करें तो जोगी परिवार की सियासी हैसियत एक तरफ कम हो रही है तो दूसरी ओर उसके वोट बैंक पर भी असर पड़ रहा है। वर्तमान में इन तीन सदस्यों में सिर्फ रेणु जोगी ही विधायक हैं और वह एक बार फिर कोटा सीट से मैदान में हैं।

जनता कांग्रेस ने बीते चुनाव में लगभग साढ़े सात फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करने के साथ पांच स्थानों पर जीत दर्ज की थी। मगर अजीत जोगी और देवव्रत सिंह की मृत्यु के बाद उपचुनाव हुए और दोनों स्थानों पर जनता कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं दो विधायक धर्मजीत सिंह और प्रमोद शर्मा अलग हो गए, अब कोटा सीट का प्रतिनिधित्व रेणु जोगी के पास है।

## मुद्दे | मिजोरम में सड़क-विकास की बदहाली में अटका वोट

# मिजोरम में राष्ट्रीय दलों की मौजूदगी से मुश्किल में क्षेत्रीय पार्टियां

**ऑइजोल, 5 नवम्बर (एजेंसियां)। अन्य राज्यों की तरह ही मिजोरम में भी चुनाव के मुख्य मुद्दे हैं, विकास और सड़कें। सड़कों की हालत बहुत दयनीय है। भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि मिजोरम में दर्ज की गई है। लोग मानते हैं कि विकास की बात तब की जा सकती है जब सड़कें अच्छी हों। इसके अलावा म्यांमार से।**

आए शरणार्थी, मणिपुर हिंसा, किसानों से वादे भी अन्य अहम मुद्दे हैं। यह भी मानना पड़ेगा कि लोग सत्तारूढ़ सरकार के कामों से बहुत खुश भी नहीं हैं। लेकिन सड़क और विकास प्रमुख मुद्दा है। चुनाव विश्लेषक बताते है कि विकास और सड़क मुख्य मुद्दे हैं। मिजोरम में सड़कों की हालत बेहद खस्ता है। सरकार को ध्यान देना चाहिए था। वे कहते हैं सरकार भले कहे कि इस दौरान कोविड काल, म्यांमार शरणार्थियों का मामला रहा या मणिपुर के विस्थापितों को संभालने में वक्त गुजरा लेकिन लोग इस बात को सुनने को शायद ही तैयार हों। विकास की रफ्तार उतनी नहीं रही, जितनी की होनी चाहिए। किसान भी सरकार से बहुत खुश नहीं है।



■ म्यांमार से आए शरणार्थी, मणिपुर हिंसा, किसानों से वादे भी अन्य अहम मुद्दे हैं

ऐसा लगता है कि इस बार का चुनाव पिछले चुनावों से हटकर होगा। इस बार कुछ नया देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय पार्टियों के आने से इस बार क्षेत्रीय पार्टियां ज्यादा सजग हो गई हैं। पहली बार वोट करने वाली रिशा कहती हैं, मैं उस सरकार को चुनना चाहूंगी जो हमारी मूलभूत सुविधाएं पूरी कर सके। युवाओं को उनके कॅरिअर को बढ़ाने के अवसर देने वाली हो। उच्च शिक्षा के लिए हमको बाहर नहीं जाना पड़े।

अच्छी सड़कें हों, परिवहन सुव्यवस्थित हो। यातायात अनुशासन के लिए मशहूर मिजोरम में सड़क हादसों की मौतों में भी देश में सबसे ज्यादा वृद्धि देखी गई है। हाल ही में जारी 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2022' की वार्षिक रिपोर्ट में सामने आई है। देश में कुल मिलाकर हर दिन 1,264 दुर्घटनाएं और 462 मौतें होती हैं या हर घंटे 53 दुर्घटनाएं और 19 मौतें होती हैं। मिजोरम में दुर्घटनाओं में 2021 में 56 लोगों की मौत हुई, जो 2022 में 113 हो गई, जिसमें 101.79 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 57 लोगों की मौत ओवरस्पीडिंग के कारण हुई, 13 की मौत नशे में गाड़ी चलाने के कारण हुई, 9 की मौत गाड़ी चलाने के कारण हुई और बाकी की मौत अन्य कारणों से हुई। चर्च, नागरिक समाज समूह और राजनीतिक दलों ने 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा के लिए आगामी चुनावों के लिए वोटों की गिनती की तारीख चुनाव आयोग से बदलने की मांग की है। पिछले महीने भी चर्च निकाय, राजनीतिक दलों और गैर सरकारी संगठनों ने संयुक्त रूप से चुनाव आयोग को मतगणना की तारीख को पुनर्निर्धारित करने के लिए लिखा था।

# कोल्दा को पंचायत नहीं बनाने पर ग्रामीणों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

- कोल्दावासी 2018 से कर रहे हैं ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग
- ग्रामीणों ने गांव में लगाया चुनाव बहिष्कार का बैनर

**बागबाहरा,** 5 नवंबर (देशबंधु)। जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के आश्रित ग्राम कोल्दा के ग्रामीणों ने आगामी विधानसभा चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। उक्त बहिष्कार को लेकर ग्रामवासियों ने गांव में एक चुनाव बहिष्कार का बैनर भी लगाया है। ताकि हमारी मांगे पुरी हो सके। कोल्दा गांव के ग्रामीण इस गांव को ग्राम पंचायत बनाने की मांग कई वर्षों से शासन-प्रशासन से कर रहे हैं। लेकिन उनकी इस जायज मांग को नहीं सुनी जा रही है। जिसके कारण ग्रामीणों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के आश्रित ग्राम कोल्दा में हर वर्ग के लोग निवासरत हैं। जिसमें सर्वाधिक साहू और आदिवासी समाज के लोग निवासरत हैं। इनका पंचायत मुख्यालय कन्हारपुरी है। जो कोल्दा गांव से चार किलोमीटर दूर है। जिसके लिए ग्रामीणों को पगडंडी और नाले के रास्ते से आना-जाना पड़ता है। यह रास्ता भी बरसात के दिनों में छह महीने तक बंद रहता है। जिसके कारण ग्राम पंचायत मुख्यालय से कोल्दावासियों का सम्पर्क टूट जाता है। बरसात के दिनों में यदि अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य को लेकर कन्हारपुरी जाना हो तो यहाँ के लोगों को अन्य रास्तों का सहारा लेना मजबूरी है। यहाँ के ग्रामीण बरसात के दिनों में कोमा, बोईरगांव, खल्लारी से होकर कन्हारपुरी पहुँचते हैं या फिर दूसरे रास्ते झारा, मुड़ियाडीह, पाली से कन्हारपुरी पहुँचते हैं। दोनों सड़क मार्ग से कोल्दा की दूरी करीब 12 किलोमीटर की है। ऐसे में कई प्रकार के समस्या से ग्रामीणों को जुझना पड़ता है।




### लोकसभा व पंचायत चुनाव का कर चुके हैं बहिष्कार

उल्लेखनीय है कि यहाँ के ग्रामीण पंचायत एवं लोकसभा चुनाव के दौरान भी चुनाव का बहिष्कार सामुहिक रुप से कर चुके हैं। पिछली बार ग्रामीण चुनाव के दौरान निर्वाचन अधिकारियों को भी बंधक बना चुके हैं। यहाँ के ग्रामीण अपने गांव को पंचायत मुख्यालय बनाने क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक समेत कलेक्टर तक फरियाद कर चुके हैं। लेकिन किसी ने भी इस गांव वालों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों को नेताओं एवं अधिकारियों से केवल आश्वाशन ही मिलता रहा।

### कोल्दा गांव के वार्डों में एक भी पंच नहीं

यहाँ ग्राम पंचायत चुनाव के पांच वर्ष होने को है। लेकिन चुनाव बहिष्कार के चलते यहाँ के वार्डों में आज एक भी पंच प्रतिनिधि निर्वाचित नहीं है। पिछले समय शासन-प्रशासन ने कई बार यहाँ के लोगों से मतदान करने की अपील की थी। लेकिन ग्रामीण नहीं माने। वे अपनी जिद पर अड़े हुए हैं। ग्रामीणों की एक ही मांग है कि कोल्दा को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाया जाए।

### कई बार दिए आवेदन

ग्राम पंचायत कन्हारपुरी की सरपंच श्रीमती काजल टोंडेकर ने बताया कि ग्रामीण 2018 से अलग ग्राम पंचायत बनाने की मांग कर रहे हैं। तत्सम्बन्ध में कई विभाग के अधिकारियों को आवेदन भी दिया जा चुका है। लेकिन उनकी मांग अभी तक पुरी नहीं हुई है। मांग पूरी नहीं होने पर 2020 के पंचायत चुनाव का बहिष्कार भी किया जा चुका है। अब कोल्दावासी आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी शासन-प्रशासन को गांव में बैनर लगाकर दिया है। ताकि हमारे वर्षों के यह मांग पुरी हो सके।

# चुनाव के पहले नक्सलियों और सुरक्षाबलों के जबरदस्त मुठभेड़

## कई माओवादी घायल, नक्सल कैंप भी ध्वस्त

**कांकेर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। जिलें के ताड़ोकि क्षेत्र में सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है, मुठभेड़ में जवानों ने नक्सल कैंप को ध्वस्त कर दिया है, करीब एक घंटे चली मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है, एसपी दिव्यांग पटेल ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।



अल सुबह डीआरजी कांकेर। जिलें के ताड़ोकि क्षेत्र में सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है, मुठभेड़ में जवानों ने नक्सल कैंप को ध्वस्त कर दिया है, करीब एक घंटे चली मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है, एसपी दिव्यांग पटेल ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

अल सुबह डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त पर रवाना हुई थी तभी मुरनार के जंगलों में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई, एक घंटे तक दोनो ओर से हुई गोलीबारी के बाद नक्सली भाग खड़े हुए हैं,मौके पर जवानों ने नक्सल कैंप को धवस्त करते हुए भारी मात्रा में नक्सल सामग्री जब्त की है,आशंका जताई जा रही है की मुठभेड़ में कुछ नक्सली घायल भी हुए है, बता दे कि विधानसभा चुनाव को लेकर नक्सली लगातार बहिष्कार का ऐलान कर रहे है और काफी एक्टिव मोड पर है, पहले चरण में बस्तर संभाग में वोटिंग होनी है जिसमे अब दो दिन ही शेष है,जिसको देखते हुए पुलिस ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है ताकि नक्सली अपने नापाक मंसूबों में कामयाब ना हो सके। एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि नक्सल कैंप ध्वस्त किया गया है, इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है, जवानों के वापस लौटने के बाद विस्तृत जानकारी मिल सकेगी ।और बीएसएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त पर रवाना हुई थी तभी मुरनार के जंगलों में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई, एक घंटे तक दोनो ओर से हुई गोलीबारी के बाद नक्सली भाग खड़े हुए हैं,मौके पर जवानों ने नक्सल कैंप को धवस्त करते हुए भारी मात्रा में नक्सल सामग्री जब्त की है,आशंका जताई जा रही है की मुठभेड़ में कुछ नक्सली घायल भी हुए है, बता दे कि विधानसभा चुनाव को लेकर नक्सली लगातार बहिष्कार का ऐलान कर रहे है और काफी एक्टिव मोड पर है, पहले चरण में बस्तर संभाग में वोटिंग होनी है जिसमे अब दो दिन ही शेष है,जिसको देखते हुए पुलिस ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है ताकि नक्सली अपने नापाक मंसूबों में कामयाब ना हो सके। एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि नक्सल कैंप ध्वस्त किया गया है, इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है, जवानों के वापस लौटने के बाद विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

## सार-संक्षेप



### छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच ने सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह का किया आयोजन

**बिलासपुर**,5 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह का आयोजन महिलाओं के द्वारा त्रिवेणी भवन बिलासपुर में किया गया। जिसमें पूरे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला श्रीमती ममता चंद्राकर विधायक, लेखनी चंद्राकर अध्यक्ष जिला पंचायत मुंगेली, ॠतमभरा कश्यप, किरणमयी नायक अध्यक्ष महिला आयोग, लता ॠषि चंद्राकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय थी उक्त कार्यक्रम मात्रशक्तियों के द्वारा आयोजन किया गया था ।जिसमें पूरे मंचीय व्यवस्था महिलाओं के द्वारा किया गया महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए समाज में अपने-अपने विचार रखी गई ।जिसमें चंदनिया कुर्मी क्षत समाज बिलासपुर से महिलाओं ने पहुंच कर समाज को गौरवान्वित किया चंदनिया कूर्मि-क्षत्रिय के डॉक्टर मनोज चंद्राकर ,डॉक्टर नीता चंद्राकर, न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर, 12वीं में यामिनी चंद्राकर, दसवीं में टांकेश्वर चंद्राकर को समाज द्वारा सम्मान किया गया ।उक्त कार्यक्रम में महिलाओं की सहभागिता अधिक रही जिसमें चंदनिया कूर्मि-क्षत्रिय समाज से श्रीमती सुशीला चंद्राकर ,चंद्रकला चंद्राकर ,कमला चंद्राकर ,पुनीता कश्यप ,भारती चंद्राकर, कालिंद्री चंद्राकर ,रोहणी चंद्राकर ,ममता कश्यप, मनीषा कश्यप, प्रभा चंद्राकर, उत्तरा चंद्राकर, पूर्णिमा चंद्राकर ,सरोज चंद्राकर, रानी चंद्राकर, शकुंतला चंद्राकर, हेमलता कश्यप, प्रीति चंद्राकर एवं पुरुष वर्ग से रामवतार चंद्राकर, देवी चंद्राकर,क्षरोखा चंद्राकर,तोखन चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, ईश्वरी लाल चंद्राकर, महेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मी धर चंद्राकर,सनत कश्यप, जलेश्वर कश्यप, मोहन कश्यप, तुलसी राम चंद्राकर, शिवसहाय चंद्राकर, संतोष कश्यप, शत्रुहन कश्यप,राजु चंद्राकर, जितेन्द्र कश्यप,राजु कश्यप, निखिल चंद्राकर,श्रीकेश चंद्राकर सभी सदस्यों द्वारा समाज को आगे आगे बढ़ाने हेतु संकल्पित हुए।

### घर से घूमने निकले युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौके पर मौत, नशा बना कारण

**रायगढ़,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर आवास सेठी नगर निवासी 23 वर्षीय युवक शुक्रवार को अपने घर में जरूरी काम करके जल्द वापस आने की बात बोलकर घर से निकला था लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। रात्रि करीब 3 बजे उर्दना बैरियर के पास महामाया मंदिर के सामने अज्ञात भारी वाहन ने सागर सोनवानी को ठोकर मार दिया और उसके ऊपर गाड़ी चढ़ाकर फरार हो गया था। इस बात की जानकारी दूसरे दिन सुबह मृतक के परिजनों को मिली। जिसे सुनकर उसके परिवार और घर वालों की स्थिति नाजुक हो गई।

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर आवास मकान नंबर 69 निवासी सागर सोनवानी पिता यादवधर सोनवानी उम्र 22 वर्ष बीते शुक्रवार की रात अपने घर से किसी जरूरी काम के लिए गया था। जो कि जो संजय नगर बैंक कॉलोनी में अपने दोस्तों के साथ शराब सेवन कर वापस अंबेडकर आवास कॉलोनी में रात्रि करीब 12 बजे अंतिम बार देखा गया था। उसके बाद वह कहां गया यह कॉलोनी में कोई नहीं जानता था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर घर वाले उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान कोतवाली पुलिस ने फोन पर घर वालों को सूचना दी की सागर सोनवानी को किसी अज्ञात वाहन ने अपनी चमत में ले लिया है और घटनास्थल पर ही सागर की मौत हो गई है। जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और पूरे परिवार में गम का माहौल निर्मित हो गया। इस दौरान मृतक की मां की हालत काफी बिगड़ गई तब उसे पुलिस ने वापस घर भिजवाया। जिसके बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम प्रक्रिया करने के बाद मृतक के पिता का इंतजार पुलिस कर रही थी।

रविवार को मृतक सागर सोनवानी के पिता की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक की मां ने बताया कि बीते 1 नवंबर को उसने सागर के लगातार जिद करने पर नई गाड़ी खरीद कर उसे दी थी। जिस गाड़ी को लेकर वह घर से निकला था।

# फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं।

ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# सेंट्रल जेल में कोर्ट रूम बनाकर जजों ने की सुनवाई, 11 बंदियों को मिली आजादी



### केंद्रीय जेल बिलासपुर में राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का हुआ आयोजन

**बिलासपुर**,5 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय जेल बिलासपुर में राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का हुआ आयोजन किया गया। इस दौरान जेल के अंदर ही कोर्ट रूम बनाया गया। न्यायाधीशों ने सुनवाई शुरू की। बंदियों के अपराध व सजा की समीक्षा की गई। इस जेल लोक अदालत में 11 बंदियों का प्रकरण का निराकरण करते हुए रिहाई का आदेश दिया गया।

रविवार को आयोजित जेल लोक अदालत में जिला न्यायालय बिलासपुर एवं अन्य तालुका न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीशों द्वारा केंद्रीय जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के 11 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

ऐसे बंदी जो उन पर आरोपित धारा के अपराध की न्यूनतम अवधि जेल में गुजर चुके थे। उन्हें जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर उनकी अभिरक्षा में बिताई गई अवधि के बराबर दंडादेश देकर उनकी रिहाई का आदेश पारित किया गया।

जेल से रिहा होने का आदेश सुनते ही बंदियों के आंखों से आंसू छलक उठे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा उक्त जेल लोक अदालत के लिए न्यायिक दंडाधिकारियों की कुल आठ खंडपीठ बनाई गई थी।

केंद्रीय जेल बिलासपुर में राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वरियाल ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया। जेल लोक अदालत की कार्यवाही के दौरान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के उप सचिव गिरीश कुमार मंडावी, न्यायाधीश सुमित कुमार सोनी, निक्सन डेविड लकड़ा, शुभदा गोयल, श्वेता बघेल, जेल अधीक्षक खोमेश कुमार मंडावी मौजूद थे।

### कम सजा वाले प्रकरणों की हुई सुनवाई

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की यह अभिनव पहल से जेल में क्षमता से अधिक रखे गए बंदियों की संख्यां को कम करने के लिए कम समय की सजा वाले प्रकरणों को चिह्नांकित कर इसका निराकरण करने जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

बंदियों को जेल के अदंर रिकार्ड के बारे में भी जानकारी ली गई।

# भूपेश सरकार दोबारा आई तो भ्रष्टाचार की गारंटी-जगत प्रताप नड्डा

## पेंड्रा में आयोजित चुनावी सभा में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रताप नड्डा ने भूपेश सरकार पर किए तीखे प्रहार

### महादेव घोटाले का विशेष रूप से किया जिक्र




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 05 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने पर भाजपा अपने घोषणा पत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ का विकास करने की गारंटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ली है वही यदि छत्तीसगढ़ में दोबारा भूपेश बघेल की सरकार आती है तो भ्रष्टाचार की गारंटी है। यहां की जनता को तय करना है कि वह विकास की गारंटी चाहते हैं या भ्रष्टाचार की गारंटी।

पेण्ड्रा के हाई स्कूल मैदान में 5 नवंबर को आयोजित एक चुनावी सभा में कोटा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव एवं मरवाही विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रणब कुमार मरपच्ची के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रताप नड्डा ने छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत शहीद नारायण सिंह एवं शहीद गुंडाधर को याद कर नमन करते हुए किया साथ ही उन्होंने नारायणपुर में नक्सली हमले में शहीद भाजपा अध्यक्ष रतन दुबे को श्रद्धांजलि दी। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रताप नड्डा ने कहां की भाजपा अपने घोषणा पत्र में सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजना बनाकर विधानसभा चुनाव में आपके सामने हैं जिसमें किसानों गरीबों गांव की चिंता की गई है 1 लाख युवकों को नौकरी की गारंटी दी गई है साथ ही छत्तीसगढ़ के गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से मकान देने की योजना दी गई है इसके अलावा किसानों का धान खरीदने उज्वला योजना के तहत सस्ता गैस सिलेंडर सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विकास की गारंटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ली है इसके विपरीत उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में यदि दोबारा भूपेश बघेल की सरकार आती है तो भ्रष्टाचार की गारंटी है उन्होंने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की सत्ता है जब-जब कांग्रेस सत्ता में आती है कोयला घोटाला 3G घोटाला जैसे घोटाले सामने आते हैं उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल की सरकार ने भी छत्तीसगढ़ में घोटालों का कीर्तिमान स्थापित किया है जिसमें से पीएससी घोटाला कोयला घोटाला तथा अभी सामने आया है महादेव घोटाला जो 500 करोड़ का घोटाला है। श्री नड्डा ने कहा की क्या आप चाहेंगे कि छत्तीसगढ़ में दोबारा घोटाले बाजो की सरकार आए। उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र को छत्तीसगढ़ में नरेंद्र मोदी द्वारा लागू किए जाने की बात कहते हुए मरवाही विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रणव मरपच्ची एवं भाजपा के कोटा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को जिताकर विधानसभा में भेज कर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। इसके पूर्व चुनावी आमसभा में मरवाही विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रणब मरपच्ची एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने उद्बोधन देते हुए भाजपा प्रत्याशी के रूप में स्वयं को जिताने की अपील की। पेंड्रा के हाई स्कूल के मैदान में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा में मरवाही एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या मेंशामिल हुए।

### अमृत लाल कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव नियुक्त

**कोरबा-कोरबी-चोटिया,** 05 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता रह कर पिछले कई सालों से नि:स्वार्थ भाव से सेवा करते आ रहे ग्राम सिरमिना में निवासरत अमृत लाल ताम्रकार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक लाल जी देसाई तथा राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी प्रताप नारायण मिश्र की सहमति से सेवादल कांग्रेस के प्रदेश मुख्य संगठक अरुण ताम्रकार के द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्ति की गई है। श्री ताम्रकार से कहा गया है कि वे संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए नियमों, सिद्धांतों के अनुरूप कार्य को निष्पादित करेंगे। इस नियुक्ति से पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक कांग्रेस, सेवादल के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

**NECC**

| 06.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 525 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 95 | 195 |

डिलीवरी 540 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188